APSSS

सरल–संस्कृत–शिक्षण में जागरूकता कार्यक्रम

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

इकाई-१ संस्कृत-व्याकरण का सामान्य ज्ञान ५-१२

इकाई-२ यण अयादिचतुष्टय-गुण-वृद्धिसन्धिप्रकरण १३-३४

इकाई-३ नीतिशतकम् ३५-४२

इकाई-४ सरल–सम्भाषण अनुवाद एवं संस्कृत पत्र–लेखन ४३-४९

सरल संस्कृत-शिक्षण जागरूकता कार्यक्रम (APSSS)

परामर्श समिति

- **प्रोफेसर सीमा सिंह,** अध्यक्ष, कुलपति, उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
- **प्रो० सत्यपाल तिवारी,** कार्यक्रम संयोजक, निदेशक, मानविकी विद्याशाला
- **श्री विनय कुमार,** सचिव, कुलसचिव, उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

विशेषज्ञ समिति

१. **प्रो० विनोद कुमार गुप्त,** आचार्य संस्कृत, उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
२. **प्रो० हरिदत्त शर्मा,** पूर्व अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज
३. **प्रो० कौशलेन्द्र पाण्डेय,** आचार्य, संस्कृत विभाग, बी०एच०यू०, वाराणसी
४. **प्रो० उमेश सिंह,** आचार्य, संस्कृत विभाग, बी०एच०यू०, वाराणसी
५. **डॉ० आनन्द कुमार श्रीवास्तव,** पूर्व प्राचार्य, सी०एम०पी० पी०जी० कॉलेज, प्रयागराज
६. डॉ. सुरेन्द्र पाल सिंह, सह आचार्य/अध्यक्ष संस्कृत विभाग, सी.एम.पी.पी.जी. कॉलेज, प्रयागराज
७. **श्री देवेन्द्र पंड्या,** क्षेत्र संगठन मंत्री, संस्कृत भारती, प्रयागराज
८. **डॉ० स्मिता अग्रवाल,** सहायक आचार्य, संस्कृत, उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

पाठ्यक्रम समन्वयक/परिमापक

- **डॉ० स्मिता अग्रवाल,** सहायक आचार्य, संस्कृत, उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय**, प्रयागराज**

सम्पादक

- **प्रो० विनोद कुमार गुप्त,** आचार्य, संस्कृत, उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

लेखक

- **डॉ० स्मिता अग्रवाल,** सहायक आचार्य, संस्कृत, उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय**, प्रयागराज**

मुद्रित (माह), (वर्ष)

(कॉपीराइट) उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज- (वर्ष) २०२४

ISBN : 978-81-19530-47-2

सर्वाधिक सुरक्षित। इस पाठ्य सामग्री का कोई भी अंश उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की लिखित अनुमति के बिना, मिमियोग्राफ अथवा किसी अन्य साधन से पुनः प्रस्तुत करने की अमति नहीं है। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की ओर से कर्नल विनय कुमार, कुलसचिव द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित, (माह) (वर्ष), (मुद्रक का नाम व पता)

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की ओर से श्री विनय कुमार, कुलसचिव द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित, (माह) (वर्ष)

मुद्रक- चन्दकला यूनिवर्सल प्रा०लि०, ४२/७ जवाहर लाल नेहरू रोड, प्रयागराज-२११००२

पाठ्यक्र

इकाई-१ संस्कृत-व्याकरण का सामान्य ज्ञान

स्मरण एवं प्रयोग हेतु- शब्द रूप- राम, हरि, गुरु, पितृ, रमा, नदी, सर्व, युष्मद्, अस्मद् एवं भवत्।

धातुरूप- परस्मैपदी धातु- (लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् लृट्)- भू, कृ, पठ्, वद्, स्था, गम् एवं दृश्।

इकाई–2 सन्धि कारक एवं समास का सामान्य परिचय

सन्धि का सामान्य परिचय–

- स्वरसन्धि– यण्सन्धि, अयादिसन्धि, गुणसन्धि, वृद्धिसन्धि, पूर्वरूपसन्धि, सवर्ण दीर्घसन्धि।
- हल्सन्धि– श्चुत्वसन्धि, ष्टुत्वसन्धि, जश्त्वसन्धि, चर्त्वसन्धि, अनुस्वारसन्धि।
- विसर्गसन्धि– उत्वसन्धि, यत्वसन्धि, सुलोपसन्धि।

कारकों का सामान्य परिचय–

समास का सामान्य परिचय–

- केवलसमास
- अव्ययीभावसमास
- तत्पुरुषसमास
  - कर्मधारय समास
  - द्विगुसमास
- बहुव्रीहिसमास
- द्वन्द्वसमास

प्रत्ययों का सामान्य परिचय– क्त, क्तवतु, तुमुन, तव्यत्, तृच्, ल्यप्, ल्युट्, अनीयर्, क्तिन्, यत् एवं शतृ।

इकाई–३ प्रसिद्ध सुभाषित– नीतिशतक के किन्हीं १५ श्लोकों के अनुवाद एवं उनकी व्याख्यायें तथा सूक्तियाँ।

इकाई–४ सरल–सम्भाषण, **अनुवाद एवं संस्कृत पत्र-लेखन**

कार्यक्रम परिचय :

सरल संस्कृत–शिक्षण जागरूकता कार्यक्रम एक अल्प अवधि का कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम संस्कृत विषय की सामान्य जानकारी प्राप्त करने के इच्छुक शिक्षार्थियों के लिए अत्यन्त उपयोगी है। इस कार्यक्रम की अवधि तीन माह है। इस कार्यक्रम को पूर्ण करने के लिए अधिन्यास अनिवार्य है। जागरूकता कार्यक्रम को उत्तीर्ण करने का आधार अधिन्यास है।

इस कार्यक्रम के पाठ्यक्रम का अध्ययन करने पर शिक्षार्थी व्याकरण, अनुवाद एवं सम्भाषण का सामान्य ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

इकाई–१ संस्कृत व्याकरण का सामान्य–ब्यज

इकाई की रूपरेखा

१.० प्रस्तावना

१.१ उद्देश्य

१.२ शब्दरूप

१.२.१ राम

१.२.२ हरि

१.२.३ गुरु

१.२.४ पितृ

१.२.५ रमा

१.२.६ नदी

१.२.७ युष्मद्

१.३ धातु रूप

१.३.१ भू

१.३.२ हस्

१.३.३ पठ्

१.३.४ स्था

१.३.५ दृश्

१.३.६ अस्

१.३.७ कृ

१.० प्रस्तावना

संस्कृत व्याकरण में प्रवेश से पूर्व शब्दरूपों एवं धातु रूपों को स्मरण करना अनिवार्य है। इस इकाई में कतिपय शब्द रूप तथा 'भू' धातु पर चलने वाले परस्मैपदी कुछ धातुओं के रूप स्मरण के लिए दिए गए हैं।

१.१ उद्देश्य

- इस इकाई के अध्ययन के उपरांत शब्द रूपों का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।
- इस इकाई के अध्ययन के उपरांत धातुओं का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

(१) शब्दरूप-संग्रह

(१) राम (राम) अकारान्त पु० शब्द

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र०	रामः	रामौ	रामाः
दि०	रामम्	रामौ	रामान्
तृ०	रामेण	रामाभ्याम्	रामैः
च०	रामाय	रामाभ्याम्	रामेभ्यः
पं०	रामात्	रामाभ्याम्	रामेभ्यः
ष०	रामस्य	रामयोः	रामाणाम्
स०	रामे	रामयोः	रामेषु
सम्बोधन	हे राम!	हे रामौ!	हे रामाः!

(२) हरि (विष्णु) इकारान्त पु०

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र०	हरिः	हरी	हरयः
दि०	हरिम्	हरी	हरीन्
तृ०	हरिणा	हरिभ्याम्	हरिभिः
च०	हरये	हरिभ्याम्	हरिभ्यः
पं०	हरेः	हरिभ्याम्	हरिभ्यः
ष०	हरेः	हर्योः	हरीणाम्
स०	हरौ	हर्योः	हरिषु
सम्बोधन	हे हरे!	हे हरी!	हे हरयः!

(३) गुरु (गुरु) उकारान्त पु०

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र०	गुरुः	गुरू	गुरवः
दि०	गुरुम्	गुरू	गुरून्
तृ०	गुरुणा	गुरुभ्याम्	गुरुभिः

च०	गुरवे	गुरुभ्याम्	गुरुभ्यः
पं०	गुरोः	गुरुभ्याम्	गुरुभ्यः
ष०	गुरोः	गुर्वोः	गुरूणाम्
स०	गुरौ	गुर्वोः	गुरुषु
सम्बोधन	हे गुरो!	हे गुरू!	हे गुरवः।

(४) पितृ (पिता) ऋकारान्त पु०

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प०	पिता	पितरौ	पितरः
दि०	पितरम्	पितरौ	पितृन्
तृ०	पित्रा	पितृभ्याम्	पितृभिः
च०	पित्रे	पितृभ्याम्	पितृभ्यः
पं०	पितुः	पितृभ्याम्	पितृभ्यः
ष०	पितुः	पित्रोः	पितृणाम्
स०	पितरि	पित्रोः	पितृषु
सम्बोधन	हे पिता!	हे पितरौ!	हे पितरः

(५) रमा (लक्ष्मी) अकारान्त स्त्री०

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र०	रमा	रमे	रमाः
दि०	रमाम्	रमे	रमाः
तृ०	रमया	रमाभ्याम्	रमाभिः
च०	रमायै	रमाभ्याम्	रमाभ्यः
पं०	रमायाः	रमाभ्याम्	रमाभ्यः
ष०	रमायाः	रमयोः	रमाणाम्
स०	रमायाम्	रमयोः	रमासु
सम्बोधन	हे रमे	हे रमे!	हे रमाः

(६) नदी (नदी) ईकारान्त स्त्री०

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र०	नदी	नद्यौ	नद्यः
दि०	नदीम्	नद्यौ	नदीः
तृ०	नद्या	नदीभ्याम्	नदीभिः
च०	नद्यै	नदीभ्याम्	नदीभ्यः
पं०	नद्याः	नदीभ्याम्	नदीभ्यः
ष०	नद्याः	नद्योः	नदीनाम्
स०	नद्याम्	नद्योः	नदीषु
सम्बोधन	हे नदि !	हे नद्यौ !	हे नद्यः !

(७) युष्मद् (तू)

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र०	त्वम्	युवाम्	यूयम्
दि०	त्वाम्	युवाम्	युष्मान्
	त्वा	वाम्	वः
तृ०	त्वया	युवाभ्याम्	युष्माभिः
च०	तुभ्यम्	युवाभ्याम्	युष्मभ्यम्
	ते	वाम्	वः
पं०	त्वत्	युवाभ्याम्	युष्मत्
ष०	तव	युवयोः	युष्माकम्
	ते	वाम्	वः
स०	त्वयि	युवयोः	युष्मासु

१-४ धातुरूप (परस्मैपदी) भ्वादिगण

(१) भू (होना) :

लट् (वर्तमान)

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र०पु०	भवति	भवतः	भवन्ति

म०पु०	भवसि	भवथः	भवथ
उ०पु०	भवामि	भवावः	भवामः

लोट् (आज्ञा अर्थ)

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र०पु०	भवतु	भवताम्	भवन्तु
म०पु०	भव	भवतम्	भवत
उ०पु०	भवानि	भवाव	भवाम

लङ् (भूतकाल, अनद्यतन)

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र०पु०	अभवत्	अभवताम्	अभवन्
म०पु०	अभवः	अभवतम्	अभवत
उ०पु०	अभवम्	अभवाव	अभवाम

विधिलिङ् (आज्ञा या चाहिए अर्थ)

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र०पु०	भवेत्	भवेताम्	भवेयुः
म०पु०	भवेः	भवेतम्	भवेत
उ०पु०	भवेयम्	भवेव	भवेम

विशेष– (१) भ्वादिगण की परस्मैपदी धातुओं के रूप भू धातु के तुल्य चलते हैं। (२) लङ् लकार अनद्यतन भूतकाल में होता है। आज का भूतकाल होगा तो लङ् नहीं होगा, अपितु लुङ् सभी भूतकालों में हो सकता है। लिट् लकार केवल अनद्यतन परोक्षभूत में ही होगा। (३) लृट् सामान्य भविष्यत् है, सभी भविष्यत् में हो सकता है। लुट् अनद्यतन (आज का छोड़कर) भविष्यत् में ही होगा। (४) लोट् आज्ञा में होता है। विधिलिङ् आज्ञा और चाहिए दोनों अर्थों में होता है।

(२) हस् (हँसना)   (भू के तुल्य)   (३) पठ् (पढ़ना)   (भू के तुल्य)

लट्

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र०पु०	हसति	हसतः	हसन्ति
म०पु०	हससि	हसथः	हसथ
उ०पु०	हसामि	हसावः	हसामः

लट्

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र०पु०	पठति	पठतः	पठन्ति
म०पु०	पठसि	पठथः	पठथ
उ०पु०	पठामि	पठावः	पठामः

लोट्

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र०पु०	हसतु	हसताम्	हसन्तु
म०पु०	हस	हसतम्	हसत
उ०पु०	हसानि	हसाव	हसाम

लोट्

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र०पु०	पठतु	पठताम्	पठन्तु
म०पु०	पठ	पठतम्	पठत
उ०पु०	पठानि	पठाव	पठाम

लङ्

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र०पु०	अहसत्	अहसताम्	अहसन्
म०पु०	अहस:	अहसतम्	अहसत
उ०पु०	अहसम्	अहसाव	अहसाम

लङ्

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र०पु०	अपठत्	अपठताम्	अपठन्
म०पु०	अपठ:	अपठतम्	अपठत
उ०पु०	अपठम्	अपठाव	अपठाम

विधिलिङ्

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र०पु०	हसेत्	हसेताम्	हसेयु:
म०पु०	हसे:	हसेतम्	हसेत
उ०पु०	हसेयम्	हसेव	हसेम

विधिलिङ्

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र०पु०	पठेत्	पठेताम्	पठेयु:
म०पु०	पठे:	पठेतम्	पठेत
उ०पु०	पठेयम्	पठेव	पठेम

स्था (रुकना) (भू के तुल्य)

विशेष– स्था को लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् में तिष्ठ हो जाता है।

लट्

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र०	तिष्ठति	तिष्ठत:	तिष्ठन्ति
म०	तिष्ठसि	तिष्ठथ	तिष्ठथ
उ०	तिष्ठामि	तिष्ठाव:	तिष्ठाम:

लोट्

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र०	तिष्ठतु	तिष्ठताम्	तिष्ठन्तु
म०	तिष्ठ	तिष्ठतम्	तिष्ठत
उ०	तिष्ठानि	तिष्ठाव	तिष्ठाम

लङ्

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र०	अतिष्ठत्	अतिष्ठताम्	अतिष्ठन्
म०	अतिष्ठः	अतिष्ठतम्	अतिष्ठत
उ०	अतिष्ठम्	अतिष्ठाव	अतिष्ठाम

विधिलिङ्

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्र०	तिष्ठेत्	तिष्ठेताम्	तिष्ठेयुः
म०	तिष्ठेः	तिष्ठेतम्	तिष्ठेत
उ०	तिष्ठेयम्	तिष्ठेव	तिष्ठेम्

गम् (जाना) (भू के तुल्य)

सूचना- गम् को लट्, लोट्, लङ्

लट्

एकवचन	**द्विवचन**	बहुवचन
गच्छति	गच्छतः	गच्छन्ति
गच्छसि	गच्छथः	गच्छथ
गच्छामि	गच्छावः	गच्छामः

लोट्

एकवचन	**द्विवचन**	बहुवचन
गच्छतु	गच्छताम्	गच्छन्तु
गच्छ	गच्छतम्	गच्छत
गच्छानि	गच्छाव	गच्छाम

लङ्

एकवचन	**द्विवचन**	बहुवचन
अगच्छत्	अगच्छताम्	अगच्छन्
अगच्छः	अगच्छतम्	अगच्छत
अगच्छम्	अगच्छाव	अगच्छाम

सूचना- दृश् को लट्, लोट्, लङ्

लट्

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र०	पश्यति	पश्यतः	पश्यन्ति
म०	पश्यसि	पश्यथः	पश्यथ
उ०	पश्यामि	पश्यावः	पश्यामः

लोट्

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र०	पश्यतु	पश्यताम्	पश्यन्तु
म०	पश्य	पश्यतम्	पश्यत
उ०	पश्यानि	पश्याव	पश्याम

लङ्

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र०	अपश्यत्	अपश्यताम्	अपश्यन्
म०	अपश्यः	अपश्यतम्	अपश्यत
उ०	अपश्यम्	अपश्याव	अपश्याम

विधिलिङ्				**विधिलिङ्**		
एकवचन	**द्विवचन**	बहुवचन		एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
गच्छेत्	गच्छेताम्	गच्छेयुः	प्र०	पश्येत्	पश्येताम्	पश्येयुः
गच्छेः	गच्छेतम्	गच्छेत	म०	पश्येः	पश्येतम्	पश्येत
गच्छेयम्	गच्छेव	गच्छेम	उ०	पश्येम्	पश्येव	पश्येम

७- अस् (होना) **८- कृ (करना)**

लट्				लट्		
एकवचन	द्विवचन	बहुवचन		एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
अस्ति	स्तः	सन्ति	प्र०	करोति	कुरुतः	कुर्वन्ति
असि	स्थः	स्थ	म०	करोमि	कुरुथः	कुरुथ
अस्मि	स्वः	स्मः	उ०	करोमि	कुर्वः	कुर्मः

लोट्				लोट्		
एकवचन	द्विवचन	बहुवचन		एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
अस्तु	स्ताम्	सन्तु	प्र०	करोतु	कुरुताम्	कुर्वन्तु
एधि	स्तम्	स्त	म०	कुरु	कुरुतम्	कुरुत
असानि	असाव	असाम	उ०	करवाणि	करवाव	करवाम

लङ्				लङ्		
एकवचन	द्विवचन	बहुवचन		एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
आसीत्	आस्ताम्	आसन्	प्र०	अकरोत्	अकुरुताम्	अकुर्वन्
आसीः	आस्तम्	आस्त	म०	अकरोः	अकुरुतम्	अकुरुत
आसम्	आस्व	आस्म	उ०	अकरवम्	अकुर्व	अकुर्म

विधिलिङ्				विधिलिङ्		
एकवचन	द्विवचन	बहुवचन		एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
स्यात्	स्याताम्	स्युः	प्र०	कुर्यात्	कुर्याताम्	कुर्युः
स्याः	स्यातम्	स्यात	म०	कुर्याः	कुर्यातम्	कुर्यात
स्याम्	स्याव	स्याम	उ०	कुर्याम्	कुर्याव	कुर्याम

इकाई-२ यण अयादिचतुष्टय-गुण-वृद्धिसन्धिप्रकरण

२.१ प्रस्तावना

२.२ उद्देश्य

२.२.१ यण् सन्धि

२.२.२ अयादिसन्धि

२.२.३ गुणसन्धि

२.२.४ वृद्धिसन्धि

२.२.५ सवर्ण सन्धि

२.२.६ पूर्वरूप सन्धि

२.३ श्चुत्व-ष्टुत्व, शश्छोऽटि

२.४ अनुस्वार-हल् सन्धि

२.५ विसर्गसन्धि

२.६ कारकों का सामान्य-परिचय

२.७ समास का सामान्य-परिचय

२.१ उद्देश्य

- इस इकाई का अध्ययन करने के बाद आप-
- यण् सन्धि के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।
- अयादिचतुष्टय सन्धि को भलीभाँति समझ सकेंगे।
- गुण सन्धि का निरूपण कर सकेंगे।
- वृद्धि सन्धि और उसके प्रयोगों को सिद्ध कर सकेंगे।
- सत्व विधान की प्रक्रिया को समझ सकेंगे।
- रुत्व विधान को भली प्रकार जान सकेंगे।
- यत्व विधान का अध्ययन कर सकेंगे।
- रत्व विधान को भली प्रकार समझ सकेंगे।
- र्-लोप की प्रक्रिया को समझ सकेंगे।
- अण् के दीर्घविधान को समझ सकेंगे।
- सुलोपविधान का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

२.२.१ यण् सन्धि

अच् सन्ध्यन्तर्गत यण् सन्धि

इको यणचि ६।१।७४।।

इकः स्थाने यण् स्यादचि संहितायां विषये।

अर्थ– (इकः यण् अचि) यदि (इक् के) बाद में अच् हो जो इक् के स्थान पर यण् होता है।

संहिता के प्रसङ्ग में इक के स्थान में यणादेश होगा अच् परे होने पर।

उदाहरण– प्रति+एकः

प् र् त् इ + एकः

प् र् त् य् + एकः = प्रत्येकः

उक्त स्थल में तकारोत्तरवर्ती 'इ' इक प्रत्याहार का वर्ण है और उससे परे 'अ' अच् है, अतः तकारोत्तरवर्ती इकार के स्थान में यणादेश हुआ।

२.२.२ अयादि सन्धि

एचोऽयवायावः

'एच्' प्रत्याहार के वर्ण के स्थान पर क्रमशः अय्, अव्, आय्, आव् आदेश होते हैं अच् परे रहते।

ए – अय्

ओ – अव्

ऐ – आय्

औ – आव्

उदाहरण–	पावकः
हरे + ए	पौ + अकः
हर् ए + ए	प् औ + अकः
हर् अय् + ए = हरये	प् आव + अकः = पावकः
विष्णवे	नायकः
विष्णो + ए	नै + अकः
विष्ण् ओ + ए	न् ऐ + अकः
विष्ण् अव् + ए = विष्णवे	न् आय + अकः = नायकः

२.२.३ गुण सन्धि

आद्गुणः ६।१।८४।।

अवर्णादचि परे पूर्वपरयोरेको गुणादेशः स्यात्। उपेन्द्रः। गङ्गोदकम्।

अर्थ– आत् गुणः= अवर्ण के बाद (स्वर हो तो दोनों के स्थान में) एक गुण आदेश होता है।

अवर्ण ('अ' के ह्रस्व, दीर्घ या प्लुत किसी भी प्रभेद) के पश्चात् स्वर (अच्) हो तो पूर्व और पर ('अ' एवं तत्परवर्ती स्वर, दोनों) के स्थान में एक गुण आदेश हो आता है, जैसे– उप+इन्द्रः = उपेन्द्रः, गङ्गा+उदकम् = गङ्गोदकम्।

उप् अ + इन्द्रः   ग् अ ङ् आ + उदकम्

उप् ए न्द्रः = उपेन्द्रः   ग् अ ङ् ञ ओ दकम् = गङ्गोदकम्

२.२.४ वृद्धि सन्धि

वृद्धिरेचि ६।१।८९।।

आदेचि परे वृद्धिरेकादेशः स्यात्। गुणापवादः। कृष्णैकत्वम्। गङ्गौघः। देवैश्वर्यम्। कृष्णौत्कण्ठ्यम्।

अर्थ– अवर्ण से एच् पर हो तो पूर्व–पर के स्थान में वृद्धि रूप एकादेश हो। प्रस्तुत सूत्र 'आद्गुणः' से होने वाले गुण का अपवाद प्रस्तुत करता है।

कृष्णैकत्वम्

कृष्ण + एकत्वम्

क् ऋ ष् ण् अ + एकत्वम्

ल् ऋ ष् ण् ऐ कत्वम्

कृष्णैकत्वम्

गङ्गैघः

ग ङ् गा + ओघः

ग् अ ङ् ग् आ + ओघः

ग् अ ङ् ग् औ घः

गङ्गौघः

देवैश्वर्यम्

देव + ऐश्वर्यम्

द् ए व् अ + ऐश्वर्यम्

द् ए व् ऐ श्वर्यम्

देवैश्वर्यम्

२.२.५ सवर्ण सन्धि

(सवर्णदीर्घविधायकं सूत्रम्)

अकः सवर्णे दीर्घः ६।१।९७।।

अकः सवर्णेऽचि परे पूर्वपरयोर्दीर्घ एकादेशः स्यात्। दैत्यारिः श्रीशः। विष्णूदयः। होतृकारः।

अर्थ- अक् (प्रत्याहार के वर्णों) के बाद सवर्ण स्वर हो तो (पूर्व और पर दोनों के स्थान में) दीर्घ एकादेश हो जाता है।

व्याख्या- अक (अ, इ, उ, ऋ) के पश्चात् यदि कोई सवर्ण स्वर (अच्) हो तो पूर्व और पर- दोनों स्वरों के स्थान में दीर्घ एकादेश हो जाता है।

दैत्यारिः- दैत्य+अरिः। इस उदाहरण में 'अ+अ' के स्थान पर प्रकृत सूत्र से दीर्घ एकादेश 'आ' होकर दैत्यारिः रूप बना।

श्रीशः- श्री+ईशः। ई+ई के स्थान पर प्रकृत सूत्र से 'ई' होकर श्रीशः रूप बना।

विष्णूदयः- विष्णु+उदयः। प्रकृत सूत्र से 'उ+उ' के स्थान पर 'ऊ' दीर्घ एकादेश होकर विष्णूदय रूप बना।

होतृकारः- होतृ+ॠकारः। प्रकृत सूत्र से 'ऋ+ऋ' के स्थान पर दीर्घ एकादेश 'ॠ' होकर होतृकारः रूप बना।

२.२.६ पूर्वरूप सन्धि

(पूर्वरूपविधायकं सूत्रम्)

एङः पदान्तादति ६।१।१०५।।

पदान्तादेङोऽति परे पूर्वरूपमेकादेशः स्यात्। हरेऽव। विष्णोऽव।

अर्थ- पदान्त 'एङ्' के बाद ह्रस्व 'अ' हो तो एङ् (ए, ओ) तथा अ, दोनों के स्थान पर पूर्वदेश हो जाता है।

उदाहरणार्थ-

हरे+अव

यहाँ 'हरे' पद है, अवः पदान्त 'ए' कार से परे ह्रस्व अकार विद्यमान है, इसलिए 'एङः पदान्तादति' सूत्र से पूर्वरूप होकर 'हरेऽव' रूप बना। पूर्वरूप को दिखाने के लिये 'ऽ' का प्रयोग किया जाता है।

२.२.७ श्चुत्व-ष्टुत्व-शश्छोऽटि-अनुस्वारादि-हल्सन्धि

स्तोः श्चुना श्चुः ८।४।३९।।

सकारतवर्गयोः शकारचवर्गाभ्यां योगे शकारचवर्गौ स्तः। रामश्शेते। रामश्चिनोति। सच्चित्। शार्ङ्गिञ्जय।

अर्थ- स् और तवर्ग के किसी वर्ण का जब श् और चवर्ग के किसी वर्ण से योग होता है तो 'स्' के स्थान पर 'श्' और तवर्ग के स्थान पर चवर्ग आदेश हो जाता है।

ष्टुना ष्टुः ८।४।४०।।

स्तोः ष्टुना योगे ष्टुः स्यात्। रामष्षष्ठः। रामष्टीकते। पेष्टा। तट्टीका। चक्रिण्ढौकसे।

अर्थ एवं व्याख्या- (स् और तवर्ग का) ष् और टवर्ग में योग होने पर स् और तवर्ग 'ष्' और टवर्ग (आदेश) होता है। अर्थात् स्, त्, थ्, द्, ध्, न् के स्थान पर क्रमशः ष्, ट्, ठ्, ड्, ढ्, ण् आदेश होता है।

उदाहरण- **रामष्षष्ठ-** रामस्+षष्ठः।

रामष्टीकते- रामस् + टीकते, पेष्टा-पेष् + ता, तट्टीका-तत् + टीका

झलां जशोऽन्ते

पदान्ते झलां जशः स्युः। वागीशः।

अर्थ- पदान्त में विद्यमान 'झल्' वर्णों के स्थान पर 'जश्' वर्ण हो जाते हैं।

व्याख्या- 'झल्' और 'जश्' प्रत्याहार हैं। झल्=वर्गों के प्रथम-द्वितीय-तृतीय-चतुर्थ वर्ण एवं श्, ष्, स् तथा ह् वर्ण। जश्=ज् ब् ग् ड् द् अर्थात् वर्गों के तृतीय वर्ण।

वागीशः- वाक्+ईशः। इस समस्त पद का पूर्व पद 'वाक्' है। 'वाक्' पद के अन्त में 'क्' वर्ण झल् है। अतः प्रकृत सूत्र से झल् 'क्' के स्थान पर 'जश्' होता है।

खरि च ८।४।५४।।

खरि झलां चरः स्युः। इत्युदो दस्य तः। उत्थानम्। उत्तम्भन।

अर्थ- झल् वर्णों के बाद यदि खर् हो तो झल् के स्थान पर चर् हो जाते इसलिए उद् के 'द्' के स्थान पर 'त्' हुआ है।

व्याख्या- 'उद्+थानम्' में झल् 'द्' के बाद खर् 'थ्' है, अतः प्रकृत सूत्र से के स्थान पर चर् आदेश हुआ। चर् प्रत्याहार के अन्तर्गत च्, ट्, त्, क्, प्, श्, ष् वर्ण है। 'स्थानेऽन्तरतमः से 'द्' के स्थान पर 'त्' हुआ और इस प्रकार रूप बना- उत्+थानम्= उत्थानम्

मोऽनुस्वारः ८।३।२३

मान्तस्य पदस्यानुस्वारो हलि। हरिं वन्दे।

अर्थ- यदि मान्त पद के बाद हल हो तो उस 'मान्त' पद के स्थान में अनुस्वार आदेश हो जाता है। (यहाँ वृत्तिकार ने 'म्' के स्थान में अकारयुक्त 'म' मानक 'म+अन्त= मान्त' इस प्रकार व्याख्या की है।

व्याख्या- 'म्' (म) जिस पद के अन्त में होता है, उसे मान्त पद कहते हैं, जैसे- 'हरिम्' पद। हरिम्+वन्दे में मान्त पद 'हरिम्' के बाद हल् 'व्' है, अतः प्रकृत सूत्र 'मोऽनुस्वारः' से पूरे 'हरिम्' पद के स्थान पर अनुस्वार आदेश प्राप्त है। किन्तु 'अलोऽन्त्यस्य' से 'हरिम्' के अन्त्य अल् 'म्' के ही स्थान पर अनुस्वार आदेश होता है, तब रूप बनता है- हरिं वन्दे।

२.४ विसर्गसन्धिप्रकरणम्

२.४.१ (सत्व-विधि-सूत्रम)
विसर्जनीयस्य सः ८।३।३४।।

खरि। विष्णुस्त्राता।

अर्थ- विसर्ग के बाद यदि खर् हो तो विसर्ग के स्थान पर 'स्' आदेश हो।

व्याख्या- 'विष्णुः+त्राता' में विसर्ग के बाद 'खर्' 'त्' होने से विसर्ग के स्थान पर 'स्' होकर 'विष्णुस्त्राता' रूप बन गया है।

२.४.२ (उत्वविधिसूत्रम्)

अतो रोरप्लुतादप्लुते ६।१।१०९।।

अप्लुतादतः परस्य रोरुः स्यादप्लुतेऽति। शिवोऽर्च्यः।

अर्थ– अप्लुत 'अ' से पर 'रु' के बाद यदि अप्लुत 'अ' हो तो 'रु' के स्थान में 'उ' हो।

व्याख्या– 'शिवरु+अर्च्यः' में 'शिव' का 'अ' अप्लुत (ह्रस्व) 'अ' है, और उससे परवर्ती 'रु' के बाद भी अप्लुत 'अ' है, अतः प्रकृत सूत्र से 'रु' के स्थान में 'उ' हुआ। फिर 'अ+उ' दोनों के स्थान पर 'आद्गुणः' सूत्र से गुण 'ओ' होकर 'शिवो+अर्च्यः' तथा पदान्त एङ्– 'ओ' के बाद 'अ' होने के कारण 'एङः पदान्तादति' सूत्र से पूर्वरूप एकादेश 'ओ' होकर 'शिवोऽर्च्यः' रूप सिद्ध हुआ।

एतत्तदोः सुलोपोऽकोरनञ् समासे हलि ६।१।१२८।।

अककारयोरेतत्तदोर्यः सुस्तस्य यलोपो हलि, न त नञ्समासे। एष विष्णुः।

अर्थ– 'क्' से रहित एवं नञ् समास में न होने वाले 'एतद्' और 'तद्' के 'सु' के बाद यदि 'हल्' हो तो 'सु' का लोप हो।

'एष सु+विष्णुः' में उक्त तीनों बातें प्राप्त होती हैं। अतः प्रकृत सूत्र से 'सु' का लोप होकर 'एष विष्णुः' रूप बना।

२.४.३ (यत्वविधिसूत्रम्)

भो-भगो-अघो-अपूर्वस्य योऽशि ८।३।१७।।

एतत्पूर्वस्य रोर्यादेशोऽशि। देवा इह, देवायिह। भोस् भगोस् अघोस् इति सान्ता निपाताः। तेषां रोर्यत्वे कृते-

अर्थ– यदि 'रु' के पूर्व 'भो', 'भगो', 'अघो' और अवर्ण (अ, आ) हो तथा बाद में 'अश्' हो, तो 'रु' के स्थान में 'य्' आदेश हो।

भोस्, भगोस्, अघोस्, ये तीन 'निपात' ऐसे हैं जिनके अन्त में 'स्' है।

अब 'भो', 'भगो', 'अघो' से पर 'रु' के स्थान में 'य्' आदेश का उदाहरण दिया जा रहा है।

'भोस्+देवाः' में सर्वप्रथम 'ससजुषो रुः' से 'स्' के स्थान पर 'रु' होकर 'भोरु+देवाः' रूप बा। यहाँ 'रु' से पूर्व 'भो' है और 'रु' के बाद 'अश्'–'द्' है, अतएव प्रकृत सूत्र से 'रु' के स्थान पर 'य्' होकर 'भोय्' देवाः रूप बना।

२.५ कारकों का सामान्य परिचय

संस्कृत में प्रातिपदिकों (क्रिया से इतर) की सात विभक्तियाँ होती हैं। इन विभक्तियों का किन अर्थों में प्रयोग होता है, यह इस परिच्छेद में दिखाया जायगा।

'कारक' का अर्थ है ऐसी वस्तु, जिसका क्रिया के सम्पादन में उपयोग हो। उदाहरण के लिए 'अयोध्या में रघु ने अपने हाथ से लाखों रुपये ब्राह्मणों को दान दिये', इस वाक्य में दान क्रिया के सम्पादन के लिए जिन–जिन वस्तुओं का उपयोग हुआ वे 'कारक' कहलाएँगी। दान की क्रिया किसी स्थान पर हो सकती है; यहाँ अयोध्या में हुई, इसलिए 'अयोध्या' कारक हुई; हम क्रिया के करने वाले रघु थे, इसलिए 'रघु' कारक हुए, यह क्रिया हाथ से सम्पादित हुई, इसलिए 'हाथ' कारक हुआ; रुपये दिये गये, इसलिए 'रुपये' कारक हुए और ब्राह्मणों को दिये गये, इसलिए 'ब्राह्मण' कारक हुए। कहने का भाव यह है कि क्रिया के सम्पादन में जिनका साक्षात् सम्बन्ध हो वे कारक कहलाती हैं।

क्रिया का सम्पादक– कर्त्ता

क्रिया का कर्म– कर्म

क्रिया का सम्पादन जिसकी सहायता से हो– करण

क्रिया जिसके लिए हो– सम्प्रदान

क्रिया जिससे निकले या जिससे दूर हो– अपादान

क्रिया जिस स्थान पर हो– अधिकरण

इस प्रकार कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान और अधिकरण ये छः कारक हुए। इन्हीं कारकों के व्यवहार में विभक्तियाँ आती हैं–

कर्त्ता कर्म च करणं सम्प्रदानं तथैव च।

अपादानाधिकरणे इत्याहुः कारकाणि षट्।।

क्रिया से जिसका सीधा सम्बन्ध होता हो वही कारक कहला सकता है। 'गोविन्द के लड़के गोपाल को श्याम ने पीटा'– ऐसे वाक्यों में पीटने की क्रिया से सीधा सम्बन्ध गोपाल (जिसको पीटा) और श्याम (जिसने पीटा) का है, गोविन्द का कुछ भी सम्बन्ध नहीं है। इसलिए 'गोविन्द के' को कारक नहीं कह सकते। गोविन्द का सम्बन्ध गोपाल से है, किन्तु पीटने की क्रिया के सम्पादन में उसका (गोविन्द का) कोई उपयोग नहीं होता। अतः सम्बन्ध में की गयी षष्ठी विभक्ति कारक विभक्ति नहीं मानी जाती।

अब क्रमानुसार प्रथम

आदि विभक्तियों के प्रयोग को बताया जा रहा है।

२.५.१ प्रथमा विभक्ति

(क) प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथम। २।३।४६।

प्रथमा विभक्ति का उपयोग केवल (प्रातिपदिक अवस्था में) शब्द का अर्थ बतलाने के लिए अथवा केवल लिङ्ग बतलाने के लिए अथवा परिमाण अथवा वचन बतलाने के लिए किया जाता है। उदाहरणार्थ–

(१) केवल प्रातिपदिकार्थ– प्रातिपदिक का अर्थ है, शब्द, जिसको अंग्रेजी में बेस् (Base) या क्रूड् फार्म (Crude form) कहते हैं। प्रत्येक शब्द का कुछ नियत अर्थ होता है, परन्तु संस्कृत के वैयाकरणों के हिसाब से किसी शब्द में जब तक प्रत्यय लगाकर पद (सुप्तिङन्तं पदम्) न बना लिया जाय, तब तक उसका अर्थ नहीं समझा जा सकता। अतएव यदि किसी शब्द के केवल अर्थ का बोध कराना हो तो प्रथमा विभक्ति लगाते हैं; जैसे यदि केवल 'राम' उच्चारण करें तो संस्कृत में यह शब्द निरर्थक होगा, यदि 'रामः' कहें तब राम शब्द के अर्थ का बोध होगा। इसीलिए संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण ही में नहीं, प्रत्युत अव्ययों तक में भी संस्कृत वैयाकरण प्रथमा लगाते हैं, जैसे नीचैः, उच्चैः आदि। यदि न लगाएँ तो उन अव्ययों का अर्थ ही न निकल पाएगा।

(२) प्रातिपदिकार्थ के अतिरिक्त लिङ्ग– ऐसे शब्द जिनमें लिङ्ग नहीं होता (जैसे– उच्चैः आदि अव्यय) और ऐसे शब्द जिनका लिङ्ग नियत है अर्थात् मालूम है कि यह शब्द केवल पुंल्लिङ्ग में होता है (जैसे– वृक्षः) अथवा केवल नपुंसकलिङ्ग में होता है (जैसे फलम्) अथवा केवल स्त्रीलिङ्ग में होता है (जैसे कन्या)– इनको छोड़कर बाकी शब्दों के अर्थ और लिङ्ग दोनों प्रथमा विभक्ति के द्वारा ही जान पड़ते हैं, जैसे– तटः, तटी, तटम्। इन शब्दों में 'तटः' से यह ज्ञात होता है कि यह शब्द पुंल्लिङ्ग में है और इसका अर्थ किनारा है, 'तटी' स्त्रीलिङ्ग है और इसका अर्थ किनारा है, 'तटम्' नपुंसकलिङ्ग है और इसका भी अर्थ किनारा है।

(३) केवल परिमाण जैसे– प्रस्थो व्रीहिः यहाँ प्रथमा विभक्ति से प्रस्थ अर्थात् आधसेर का परिमाण विदित होता है। कितना चावल / आध सेर चावल– इस अर्थ के लिए यहाँ प्रथम विभक्ति है।

(४) केवल वचन (संख्या)– जैसे एकः, द्वौ, बहवः।

(ख) सम्बोधने च ।२।३।४७।

प्रथम विभक्ति का उपयोग सम्बोधन करने में भी होता है; जैसे– हे बालकाः ? (हे बालकों), हे कन्याः ? (हे कन्याओ) आदि। इसलिए सम्बोधन को अलग विभक्ति नहीं मानते। ऊपर संज्ञाओं के रूप देते समय सम्बोधन के भी रूप कहीं–कहीं दिये गये हैं, इससे यह नहीं समझना चाहिए कि सम्बोधन की भी आठवीं विभक्ति होती है। रूप केवल आसानी के लिए दिये गये हैं, क्योंकि सम्बोधन करते समय प्रथमा के एकवचन में कुछ अन्तर पड़ जाता है।

२.५.२ द्वितीया विभक्ति

(क) कर्तुरीप्सिततमं कर्म ।१।४।४९।

अर्थात् किसी वाक्य में प्रयोग किये गये पदार्थों में से जिसको कर्त्ता सबसे अधिक चाहता है उसे कर्म कहते हैं।

(ख) कर्मणि द्वितीया ।२।३।२।

कर्म को बतलाने के लिए द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होता है, जैसे–

भक्त हरि को भजता है। इसमें 'हरि को' कर्म है, इसलिए हरि शब्द में द्वितीया करनी होगी– भक्तो हरिं भजति। ब्रह्मचारी वेदमधीते।

तथायुक्तं चानीप्सितम् ।१।४।५०

(क) कुछ पदार्थ ऐसे भी होते हैं जो कि कर्त्ता द्वारा अनीप्सित होते हुए भी ईप्सित की ही तरह क्रिया से सटे रहते हैं। उनकी भी कर्मसंज्ञा होती है, जैसे– 'ओदनं भुञ्जानो विषं भुक्ते' इस वाक्य में 'विष' अत्यन्त अनीप्सित है, परन्तु 'ओदनं' (जो भोजन क्रिया द्वारा कर्त्ता का ईप्सिततम् है) की ही तरह वह भी उस क्रिया से सटा हुआ है और ओदन भोजन के साथ उसके भोजन का भी रहना अनिवार्य है। अतः 'विष' की भी कर्मसंज्ञा हो जायगी। इस प्रकार 'ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति'– इस वाक्य में भी 'तृण' कर्मसंज्ञक होगा।

(ग) अभितःपरितःसमयानिकषाहाप्रतियोगेऽपि (वार्त्तिक) :

अभितः (चारों ओर या सब ओर), परितः (सब ओर), समया (समीप), निकषा (समीप), हा, प्रति (ओर, तरफ) शब्द जिस शब्द के सम्बन्ध में प्रयुक्त हों, उसमें द्वितीया होती है; जैसे–

परिजनः राजानम् अभितः तस्थौ– नौकर राजा के चारों ओर खड़े थे।

रक्षांसि वेदीं परितो निरास्थत् राक्षसों को वेदी के चारों ओर से निकाल दिया।

ग्रामं समया निकषा वा–ग्राम के समीप।

हा शठम्– हाय शठ!

मातुः हृदयं कन्यां प्रति स्निग्धं भवति– माता का हृदय कन्या की ओर (कन्या के प्रति) कोमल होता है।

नोट– यहाँ भी हिन्दी और संस्कृत दोनों के प्रयोगों में विभिन्नता है। प्रति के साथ हिन्दी में षष्ठी लगती है, संस्कृत में द्वितीया। इसी प्रकार अभितः, परितः, समया, निकषा के साथ भी होता है।

२.५.३ तृतीया विभक्ति

(क) साधकतम करणम् ।१।४।४२।

अपने कार्य की सिद्धि में कर्त्ता जिसकी सबसे अधिक सहायता लेता है, उसे करण कहते हैं; 'राम पानी से मुँह धोता है'– यहाँ पर साधारण रूप से तो मुँह धोने में राम अपने हाथ तथा जलपात्र दोनों की सहायता लेता है; यदि हाथ न लगावेगा तो मुँह किस प्रकार धो सकेगा और यदि जलपात्र न होगा तो जल किसमें रखेगा। अस्तु, यह सिद्ध हो गया कि राम अपने हाथ तथा जलपात्र दोनों की सहायता लेता है; किन्तु देखना यह है कि मुँह धोने में सबसे अधिक आवश्यकता किसकी पड़ती है। इस वाक्य में जितने शब्द का प्रयोग किया है, उनके देखने से यह स्पष्ट है कि मुँह धोने में सबसे अधिक सहायता 'पानी' की है; इसलिए 'पानी' करण कारक है और 'से' करण कारक का चिह्न है।

नोट– किसी वाक्य में जो सबसे अधिक आवश्यक या सहायक हो उसी को करण कहेंगे। वाक्य से बाहर उससे अधिक भी सहायक हो सकते हैं, किन्तु उनका विचार नहीं किया जाता, जैसे– राम 'हाथ से' मुँह धोता है। यहाँ 'हाथ से' करण कारक है। यद्यपि 'जल' हाथ से भी अधिक आवश्यक है, किन्तु यह वाक्य में न होने के कारण कारक नहीं है।

(ख) कर्तृकरणयोस्तृतीया ।२।३।१८।

अनुक्त कर्त्ता (कर्मवाच्य तथा भाववाच्य में कर्त्ता अनुक्त होता है) तथा करण कारक में तृतीया विभक्ति होती है।

'अनुक्ते कर्तरि तृतीया' का उदाहरण–

रामेण रावणः अहन्यत हतो वा– कर्मवाच्य

रामेण सुप्यते, मया जीव्यते– भाववाच्य

'करणे तृतीया' का उदाहरण–

रामः जलेन मुखं प्रक्षालयति।

रामः रावणं बाणेन हतवान्।

(ग) सहयुक्तेऽप्रधाने ।२।३।१९।

सह के योग में अप्रधान (अर्थात् जो प्रधान (क्रिया के कर्त्ता) का साथ देता है) में तृतीया होती है, जैसे– पुत्रेण सह पिता गच्छति। यहाँ 'पुत्रेण' में तृतीया इसलिए लगी है कि गमन क्रिया के साथ पिता का ही मुख्य सम्बन्ध है। इसी प्रकार 'पित्रा सह पुत्रः गच्छति' में पुत्र प्रधान है और पिता अप्रधान रूप से उसका साथ देता है, अतः उसमें तृतीया हुई ? इसी प्रकार 'साथ' अर्थवाले साकम्, सार्धम् और समम् के योग में भी अप्रधान में तृतीया होती है, जैसे–

रामः जानक्या साकं गच्छति– राम जानकी के साथ जाते हैं।

हनुमान् वानरः सार्धं जानकीं मार्गयामास– हनुमान् ने बन्दरों के साथ जानकी को खोजा।

उपाध्यायः छात्रैः समं स्नाति– उपाध्याय विद्यार्थियों के साथ नहाता है।

नोट– 'साथ', 'सङ्ग' आदि के साथ जो शब्द आता है, उसमें हिन्दी में 'का' एवं 'के'– जो षष्ठी का स्थानीय है– लगाया जाता है, किन्तु संस्कृत में तृतीया लगाई जाती है।

(घ) येनाङ्गविकारः ।२।३।२०।

जिस विकृत अङ्ग के द्वारा अङ्गी का विकार लक्षित हो, उस (अङ्ग) में तृतीया विभक्ति होती है; जैसे-

अक्ष्णा काणः- एक आँख का काना।

देवदत्तः शिरसा खल्बाटोऽस्ति- देवदत्त सिर का गंजा है।

गिरिधरः कर्णेन बधिरः- गिरिधर कान का बहरा है।

रमेशः पादेन खञ्जः- रमेश पैर का लँगड़ा है।

सुरेशः कट्या कुब्जः- सुरेश कमर का कुबड़ा है।

यहाँ भी हिन्दी के 'का' के स्थान में संस्कृत में तृतीया का प्रयोग होता है।

(ङ) इत्थंभूतलक्षणे ।२।३।२१।

जब कोई किसी विशेष चिह्न से ज्ञापित हो, तब जिस चिह्न से वह ज्ञापित हो उसमें तृतीया विभक्ति लगती है; जैसे, जटाभिस्तापसः- जटाओं से तपस्वी जान पड़ता है।

२.५.४ चतुर्थी विभक्ति

(क) कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम् ।१।४।३२।

दान के कर्म के द्वारा जिसे कर्त्ता सन्तुष्ट करना चाहता है, वह पदार्थ सम्प्रदान कहा जाता है।

जैसे 'विप्राय गां ददाति'। यहाँ गोदान कर्म के द्वारा विप्र को ही सन्तुष्ट करना कर्त्ता को अभिप्रेत है, अतः वह सम्प्रदान है।

(ख) क्रियया यमभिप्रैति सोऽपि सम्प्रदानम् (वार्त्तिक)

न केवल दान के कर्म के द्वारा जो अभिप्रेत हो वह सम्प्रदान कहा जाय, बल्कि किसी विशेष क्रिया के द्वारा भी जो अभिप्रेत हो वह भी सम्प्रदान समझा जाय; जैसे, 'पत्ये शेते'। यहाँ पति को अनुकूल बनाने के लिए की गयी शयन-क्रिया का अभिप्रेत पति ही है, अतएव 'पति' सम्प्रदान होगा।

(ग) चतुर्थी सम्प्रदाने ।२।३।३१।

अर्थात् सम्प्रदान में चतुर्थी होती है। इस नियम के अनुसार ऊपर के उदाहरण में 'ब्राह्मण' चतुर्थी में होगा; जैसे- 'ब्राह्मणाय गां ददाति'। इसी प्रकार, मह्यं पुस्तकं देहि- मुझे पुस्तक दो।

परन्तु 'अशिष्टव्यवहारे दाणः प्रयोगे चतुर्थ्यर्थे तृतीया' (वार्त्तिक) के अनुसार अशिष्ट व्यवहार में दान का पात्र सम्प्रदान नहीं होगा। उसमें चतुर्थी का अर्थ होने पर भी तृतीया होगी; जैसे- 'दास्या संयच्छते कामुकः'। शिष्ट व्यवहार में 'भार्यायै संयच्छति' ऐसा ही प्रयोग होगा।

(घ) रुच्यर्थानां प्रीयमाणः ।१।४।३३।

रुच् धातु तथा रुच् के समान अर्थवाली धातुओं के योग में प्रसन्न होने वाला सम्प्रदान कहलाता है; जैसे-

१. विष्णवे रोचते भक्तिः- विष्णु को भक्ति अच्छी लगती है।

२. बालकाय मोदकाः रोचन्ते- लड़के को लड्डू अच्छे लगते हैं।

३. सम्यक् भुक्तवते पुरुषाय भोजनं न स्वदते– अच्छी तरह खाये हुए पुरुष को भोजन स्वादिष्ट नहीं लगता।

यहाँ पर उदाहरण नं० १ में भक्ति से प्रसन्न होने वाले 'विष्णु' है; उदाहरण नं० २ में लड्डूओं से प्रसन्न होने वाला 'बालक' है और उदाहरण नं० ३ में भोजन से प्रसन्न होने वाला 'पुरुष' है; इसलिए विष्णवे, बालकाय और पुरुषाय में चतुर्थी हुई।

(ङ) क्रुधद्रुहेर्ष्यासूयार्थानां यं प्रति कोपः ।१।४।३७।

क्रुध्, द्रुह्, ईर्ष्य तथा असूय् धातुओं के योग में तथा इन धातुओं के समान अर्थ रखने वाली धातुओं के योग में जिसके ऊपर क्रोध किया जाता है, वह सम्प्रदान समझा जाता है, जैसे–

स्वामी भृत्याय क्रुध्यति– मालिक नौकर पर क्रोध करता है।

शठाः सर्वेभ्यो दुह्यन्ति– शठ लोग सबसे द्रोह करते हैं।

दुर्योधनः पाण्डवेभ्यः ईर्ष्यति स्म– दुर्योधन पाण्डवों से ईर्ष्या करता था।

खलाः सज्जनेभ्यः असूयन्ति– दुष्ट लोग सज्जनों में ऐब निकाला करते हैं।

इसी प्रकार सीता रावणाय अकुप्यत्– सीता जी ने रावण के ऊपर कोप किया।

(च) तादर्थ्ये चतुर्थी वाच्या (वार्त्तिक)

(१) जिस प्रयोजन के लिए कोई कार्य किया जाता है, उस (प्रयोजन) में चतुर्थी होती है; जैसे–

मुक्तये हरिं भजति– मुक्ति के लिए हरि को भजता है।

धनाय प्रयतते– धन के लिए प्रयत्न करता है।

शिशुः मोदकाय रोदिति– बच्चा लड्डू के लिए रोता है।

काव्यं यशसे (भवति)– काव्य यश के लिए (होता है)।

(२) अथवा जिस वस्तु के बनाने के लिए किसी दूसरी वस्तु का अस्तित्व रहता है, उसमें चतुर्थी होती है; जैसे–

शकटाय दारु– गाड़ी (बनाने) के लिए लकड़ी।

आभूषणाय सुवर्णम्– जेवर (बनाने) के लिए सोना।

(छ) नमःस्वस्तिस्वाहास्वधाऽलंवषड्योगाच्च ।२।३।१६।

नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलं तथा वषट् शब्दों के योग में चतुर्थी होती है; जैसे–

तस्मै श्रीगुरुवे नमः– उन गुरु जी को नमस्कार।

रामाय नमः, तुभ्यं नमः।

स्वस्ति भवते– आपका कल्याण हो।

प्रजाभ्यः स्वस्ति– प्रजाओं का कल्याण हो।

अग्नये स्वाहा– अग्नि को यह आहुति है।

पितृभ्यः स्वधा।

इन्द्राय वषट्।

दैत्येभ्यो हरिः अलम्– हरि दैत्यों के लिए काफी हैं।

अलं मल्लो मल्लाय– पहलवान पहलवान के लिए काफी है।

यहाँ अलम् का अर्थ पर्याप्त है, निषेध नहीं।

२.५.५ पञ्चमी विभक्ति

(क) ध्रुवमपायेऽपादानम् ।१।४।२४।

अपाय विश्लेष (अलग होना) को कहते हैं। उसमें जो ध्रुव या अवधिभूत (अर्थात् जहाँ से विश्लेष हो) होता है, वह अपादान कहलाता है। जैसे– ''वह कोठे से गिर पड़ा''। यहाँ पर वह कोठे से अलग हो रहा है, इसलिए 'कोठे से' अपादान है; इसी प्रकार 'पेड़ से पत्ते गिरते हैं' में 'पेड़' और 'राम गाँव से चला गया' में 'गाँव' अपादान है।

(ख) अपादाने पञ्चमी ।२।३।२८।

अपादान में पञ्चमी होती है। इस सूत्र के अनुसार ऊपर के वाक्यों का स्वरूप इस प्रकार होगा–

स प्रासादात् अपतत्,

वृक्षात् पर्णानि पतन्ति,

रामो ग्रामाद् जगाम।

(ग) भीत्रार्थानां भयहेतुः ।१।४।२५।

जिससे डर मालूम हो अथवा जिसके डर के कारण रक्षा करनी हो, उस कारक को अपादान कहते हैं; जैसे–

चौराद् विभूति– चोर से डरता है।

सर्पाद् भयम्– साँप से डर है।

इनमें भय के कारण 'चोर' और 'साँप' हैं, इसलिए ये अपादान हैं।

रक्ष मां नरकपातात्– नरक में गिरने से मुझे बचाओ।

भमाद् दुःशासनं त्रातुम्– भीम से दुःशासन को बचाने के लिए।

यहाँ भी 'नरकपात' तथा 'भीम' भय के कारण हैं, इसलिए अपादान है।

(घ) जनकर्तुः प्रकृतिः ।१।४।३०।

जन् धातु के कर्ता का आदि कारण अपादान होता है; जैसे–

कामात्क्रोधोऽभिजायते– काम से क्रोध पैदा होता है।

यहाँ 'अभिजायते' का कर्ता 'क्रोध' है, और इस कर्ता (क्रोध) का 'आदि कारण' 'काम' है, इसलिए 'काम' अपादान कारक है। इसी प्रकार ब्रह्मणः प्रजाः प्रजायन्ते– ब्रह्मा जी से सारी प्रजा उत्पन्न होती है।

(ङ) भुवः प्रभवश्च ।१।४।३१।

उत्पन्न होने वाले का जो 'प्रभव' अर्थात् उत्पत्तिस्थान होता है, वह अपादान कहलाता है; जैसे– हिमवतो गङ्गा प्रभवति।

२.५.६ षष्ठी विभक्ति

(क) षष्ठी शेषे ।२।३।५०।

इस सूत्र का अर्थ यह है कि जो बात और विभक्तियों से नहीं बतलाई जा सकतीं, उनको बतलाने के लिए षष्ठी होती है। वे बातें सम्बन्धविशेष हैं। जहाँ स्वामी तथा भृत्य, जन्य तथा जनक, कार्य तथा कारण इत्यादि सम्बन्ध दिखाये जाते हैं, वहाँ षष्ठी होती है; जैसे–

राज्ञः पुरुषः– राजा का पुरुष।

यहाँ पर 'राजा' स्वामी है, 'पुरुष' भृत्य है। इस 'स्वामी तथा भृत्य' का सम्बन्ध दिखाने के लिए 'राज्ञः' में षष्ठी हुई है।

बालकस्य माता– बालक की माँ।

यहाँ पर 'बालक' जन्य अर्थात् 'पैदा होने वाला' है और 'माता' जननी अर्थात् 'पैदा करने वाली' है, एवं इसमें 'जन्य–जनक' सम्बन्ध है और इसी को दिखलाने के लिए 'बालकस्य' में षष्ठी हुई है।

मृत्तिकायाः घटः– मिट्टी का घड़ा।

यहाँ पर 'मिट्टी' कारण है और 'घड़ा' कार्य है। एवं इसमें 'कार्यकारण' सम्बन्ध है और इसी को दिखाने के लिए 'मृत्तिकायाः' में षष्ठी हुई है।

२.५.७ सप्तमी विभक्ति

(क) आधारोऽधिकरणम् ।१।४।४५। सप्तम्यधिकरणे च ।२।३।३६।

कर्त्ता और कर्म के द्वारा किसी भी क्रिया का आधार 'अधिकरण' कहलाता है। 'अधिकरण' में सप्तमी का प्रयोग होता है।

औपश्लेषिक, वैषयिक तथा अभिव्यापक रूप से आधार तीन प्रकार का होता है–

१. औपश्लेषिक आधार– जिसके साथ आधेय का भौतिक संश्लेष हो; जैसे, 'कटे आस्ते'– यहाँ 'चटाई' में बैठने वाले का भौतिक संश्लेष प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर हो रहा है।

२. वैषयिक आधार– जिसके साथ आधेय का बौद्धिक संश्लेष हो; जैसे, 'मोक्षे इच्छास्ति'– इसमें इच्छा का 'मोक्ष' में अधिष्ठित होना पाया जाता है।

३. अभिव्यापक आधार– जिसके साथ आधेय का व्याप्य–व्यापक सम्बन्ध हो; जैसे, 'तिलेषु तैलम्'– यहाँ तेल तिल में एक जगह अलग नहीं दिखाई पड़ सकता पर निश्चयात्मक रूप से वह सभी तिलों में व्याप्त है, इसमें तनिक भी सन्देह नहीं। ये त्रिविध आधार अधिकरण कहलाते हैं और इनमें सप्तमी का विधान होता है।

दूर एवं अन्तिक अर्थ वाले शब्दों में भी सप्तमी का प्रयोग होता है। जैसे–

४. ग्रामस्य दूरे अन्तिके वा– गाँव से दूर या समीप।

टिप्पणी– क्रिया के आधार की भाँति उसका समय भी सप्तमी में रक्खा जाता है; जैसे–

आषाढस्य प्रथमदिवसे (मेघ०) आषाढ़ के पहले ही दिन।

शैशवेऽभ्यस्तविद्यानाम् (रघु०)– बाल्यकाल में विद्याभ्यास करने वाले रघुवंशियों का।

(ख) यतश्चनिर्धारणम् ।२।३।४१।

यदि किसी वस्तु का अपने समुदाय की अन्य वस्तुओं से किसी विशेषण द्वारा कोई विशेष निर्देश किया जाता है, अर्थात् विशिष्टता दिखाई जाती है तो वह समुदायवाचक शब्द सप्तमी अथवा षष्ठी में रखा जाता है; जैसे–

कविषु कालिदासः श्रेष्ठः या कवीनां कालिदासः श्रेष्ठः	कवियों में कालिदास सबसे बड़े हैं।
गोषु कृष्णा बहुक्षीरा या गवां कृष्णा बहुक्षीरा	गायों में काली गाय बहुत दूध देनेवाली होती है।
छात्रेषु मैत्रः पटुः, या छात्राणां मैत्रः पटुः,	विद्यार्थियों में मैत्र तेज है।

इन उदाहरणों में यह दिखाया गया है काली गाय में कुछ विशिष्टता है, कालिदास और मैत्र में कुछ विशिष्टता है। ये तीनों विशेष कारण से अपने–अपने समुदाय में (गायों, कवियों और छात्रों में) विशिष्ट हैं।

(ग) यस्य च भावेन भावलक्षणम् ।२।२।३७।

जब किसी कार्य के हो जाने पर दूसरे कार्य का होना प्रतीत होता है, तो जो कार्य हो चुकता है उसको सप्तमी में रखते हैं, जैसे–

सूर्ये अस्तं गते गोपाः गृहम् अगच्छन्– सूर्य के अस्त हो जाने पर ग्वाले अपने घर चले गये।

रामे वनं गते दशरथः प्राणान् तत्याज– राम के वन चले जाने पर दशरथ जी ने अपना प्राण तयाग दिया।

सुरेशे गायति सर्वे जहसुः– सुरेश के गोने पर सब हँस पड़े।

सर्वेषु शयानेषु श्यामा रोदिति– सबके सो जाने पर श्यामा रोती है।

यहाँ पर सूर्य के अस्त होने पर ग्वालों का घर जाना, राम के वन जाने पर दशरथ का प्राण त्याग करना, सुरेश के गाने पर सबका हँसना तथा सबके सो जाने पर श्यामा का रोना प्रतीत होता है, इसलिए सूर्ये, रामे, सुरेशे, सर्वेषु– ये सब के सब सप्तमी में हैं।

टिप्पणी- अँग्रेजी में जिसे Nominative absolute कहते हैं, वही संस्कृत में यह 'सतिसप्तमी' अथवा 'भावे सप्तमी' (Locative absolute) है।

२.६ समास का सामान्य परिचय

केवल समास

अव्ययीभाव समास

तत्पुरुष समास

व्यधिकरणतत्पुरुष समास

तत्पुरुष के उपभेद

बहुव्रीहि समास

द्वन्द्व समास

'समास' शब्द का सम् उपसर्गपूर्वक 'अस्' धातु से 'घञ्' प्रत्यय के योग से निष्पन्न होता है, जो संक्षिप्त अर्थ का द्योतक है। 'समसनं समासः' के अनुसार, अनेक पदों का एक बन जाना ही 'समसन' है, जिसे 'समास' कहते हैं।

विभिन्न प्रकार के समासों को कुल पाँच वर्गों में वर्गीकृत किया गया है–

१. केवल समास

२. अव्ययीभाव समास

३. तत्पुरुष समास

   कर्मधारय समास

   द्विगु समास

४. बहुव्रीहि समास

५. द्वन्द्व समास

उपर्युक्त समासों को निम्नलिखित श्लोक के माध्यम से बहुत ही सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया गया है, जिसमें कोई भक्त (सेवक) प्रार्थना करता हुआ अपने स्वामी से कहता है–

द्वन्द्वो द्विगुरपि चाहं, मद्गेहे नित्यमव्ययीभावः।

तत्पुरुष कर्मधारय, येनाहं स्यां बहुव्रीहिः।।

अर्थात् हे पुरुष! मैं द्वन्द्व (पति–पत्नी) हूँ, द्विगु (दो गाय–बछड़ा वाला) हूँ, मेरे घर में नित्य ही अव्ययीभाव रहता है (अर्थात्

मैं दरिद्र हूँ), इसलिए मुझे वह कर्म धारण कराइये (कर्मधारयः), जिससे मैं बहुत धनवाला (बहुव्रीहि) हो जाऊँ।

उपर्युक्त श्लोक में समासों का केवल नामोल्लेख मात्र किया गया है, किन्तु अधोलिखित श्लोक में समासों के विग्रह द्वारा स्वरूपोद्घाटन भी किया गया है–

चकारबहुलो द्वन्द्वः स चासौ कर्मधारणः।

यस्य येषां बहुव्रीहिः, शेषस्तत्पुरुषोः मतः।।

अर्थात् जिसका विग्रह चकारबहुल हो, वह द्वन्द्वसमास होता है, जिसमें स चासौ (सुन्दरश्चासौ बलः) ऐसा विग्रह होता है, उसे कर्मधारय समास कहते हैं। जिसके विग्रह में यस्य या येषां या येन इत्यादि कहना पड़े, वह बहुव्रीहि–समास होता है तथा शेष सभी तत्पुरुषसमास कहलाते हैं।

२.६.१ केवल समास

'विशेषसंज्ञाविनिर्मुक्तः केवलसमासः'। अर्थात् ऐसा समास, जिसे किसी संज्ञा–विशेष से अभिहित न किया हो गया हो; उसे 'केवलसमास' की श्रेणी में परिगणित किया जाता है। यथा– भूतपूर्व (जो पहले हो चुका हो)।

२.६.२ अव्ययीभावसमास

'प्रायेण पूर्वपदार्थप्रधानोऽव्ययीभावः'। अर्थात् जिसमें प्रायः पूर्वपद का अर्थ प्रधान हो, वह अव्ययीभावसमास कहा जाता है। **'अनव्ययः अव्ययः सम्पद्यते इत्यव्ययीभावः'** इस व्युत्पत्ति के अनुसार, जो शब्द समास होने से पहले तो अव्यय न हो, किन्तु समास होने पर अव्यय हो जाय, वही 'अव्ययीभाव' है।

इस समास में दोनों पदों में से पहला पद तो 'अव्यय' होता है, लेकिन दूसरा पद 'संज्ञा' होता है। ये दोनों पद आपस में मिलकर जब समास–रचना करते हैं, तो सम्पूर्ण पद अव्यय बन जाता है। जैसे– 'यथाशक्ति=शक्तिम् अनतिक्रम्य। यहाँ पर 'यथा' शब्द अव्यय है तथा 'शक्ति' शब्द संज्ञा है, लेकिन दोनों का सम्मिलित समस्तपद सदैव नपुंसकलिंग एकवचन में प्रयुक्त होगा। यथा–

अधिहरि, अधिगोपम्, उपकृष्णम् समुद्रम् दुर्यवनम् निर्मक्षिकम् अतिहिमम्, अतिनिद्रम्, इतिहरि, अनुविष्णु, अनुरूपम्, प्रत्यर्थम्, यथाशक्ति, सहरि, अनुज्येष्ठम्, सचक्रम्, ससखि, सक्षत्रम्, साग्नि, पंचगंगम्, द्वियमुनम्, उपशरदम्, प्रतिविपाशम्, उपजरसम्, उपराजम्, अध्यात्मम्, उपचर्मम् उपसमिधम्, तथा उपसमित्।

२.६.३ तत्पुरुष समास

'प्रायेणोत्तरपदार्थप्रधानस्तत्पुरुषः'। अर्थात् जिसमें प्रायः उत्तरपद का अर्थ प्रधान हो, वह तत्पुरुषसमास कहा जाता है। **'तस्य पुरुषः'** तथा **'सः पुरुषः तत्पुरुषः'** इस द्विविध विग्रह के अनुसार क्रमशः तत्पुरुष समास के दो मुख्य भेद होते है–

१. व्यधिकरण तत्पुरुष तथा
२. समानाधिकरण तत्पुरुष, या कर्मधारयसमास।

२.६.३.२ व्यधिकरणतत्पुरुषसमास

जिस तत्पुरुष समास के दोनों पद परस्पर भिन्न–भिन्न विभक्तियों में हो, उसे 'व्यधिकरण तत्पुरुषसमास' कहते हैं। यथा– 'राज्ञः पुरुषः राजपुरुषः' में प्रथम पद राज्ञः षष्ठी विभक्ति में तथा दूसरा पद पुरुषः प्रथमा विभक्ति में है। दोनों के भिन्न–भिन्न विभक्तियों में

होने से तथा उत्तरपद की प्रधानता होने से यहाँ पर 'व्यधिकरणतत्पुरुषसमास' है। द्वितीय से सप्तमी-पर्यन्त विभक्ति के भेद से व्यधिकरण तत्पुरुष समास के छः भेद होते हैं। कुछ प्रमुख उदाहरण निम्नलिखित हैं-

१. **द्वितीय तत्पुरुष-** कृष्णश्रितः, दुःखातीतः, नरकपतितः, स्वर्गगतः, कूपात्यस्तः, सुखप्राप्तः, संकटापन्नः, आशातीतः इत्यादि।

२. **तृतीया तत्पुरुष-** शंकुलाखण्डः, धान्यार्थः, हरित्रातः, नखभिन्नः, नखनिर्भित्रः इत्यादि।

३. **चतुर्थी तत्पुरुष-** यूपदारूः, द्विजार्थः, भूतबलिः, गोहितम्ः, गोरक्षिप्तम्ः, अलंकुमारिः इत्यादि।

४. **पञ्चमी तत्पुरुष-** चोरभयम, स्तोकान्मुक्तः, अन्तिकादागतः, अभ्यासादागतः, दूरादागतः, कृच्छ्रादागत इत्यादि।

५. **षष्ठी तत्पुरुष-** राजपुरुषः, पूर्वकायः, राजदन्तः, अपरकायः, अर्धपिप्पली अर्थर्चः इत्यादि।

६. **सप्तमी तत्पुरुष-** अक्षशौण्डः, अक्षधूर्तः इत्यादि।

२.६.३.३ समानाधिकरणतत्पुरुष (कर्मधारय) समास

तत्पुरुषसमास का वह भेद, जिसमें दोनों पद समान विभक्ति में हो, उसे समानाधिकरण तत्पुरुष समास कहते हैं। जैसे- 'कृष्णसर्पः='कृष्णः सर्पः' में कृष्णः और सर्पः दोनों पद प्रथमा विभक्ति एक वचन में है, अतः यह 'समास' समानाधिकरण्य तत्पुरुष है। 'कर्मधारय' और द्विगु के भेद से इस समास को दो मुख्य वर्गों में वर्गीकृत किया गया है-

१. **कर्मधारय समास-** जिस समानाधिकरण-तत्पुरुष-समास में प्रथमपद विशेषण अथवा उपमान होता है, तथा द्वितीय पद विशेष्य अथवा सामान्यधर्मवाचक शब्द होता है; उसे 'कर्मधारय समास' कहते है। यथा-

   पौर्वशालः, नीलोत्पलम्, कृष्णसर्पः, घनश्यामः, शाकपार्थिवः, देवब्राह्मणः, सर्वरात्रः, संख्यातरात्रः, परमराजः, महाराजः, महाजातीयः, प्राप्तजीविकः, आपत्रजीविकः इत्यादि।

२. **द्विगुसमास-** जिस 'समानाधिकरण तत्पुरुष' का प्रथम पद संख्यावाचक तथा द्वितीयपद संज्ञावाचक हो, उसे 'द्विगुसमास' कहते हैं। यथा-

   द्विरात्रम् त्रिरात्रम् नवरात्रम्, पञ्चानापितः, पञ्चगवम्, द्वयंगुलम्, पञ्चकपालः इत्यादि।

२.६.४ बहुव्रीहिसमास

'प्रायेणान्यपदार्थप्रधानो बहुब्रीहिः।' अर्थात् जिस समास के दोनों पद किसी अन्यपद के विशेषण के रूप में प्रयुक्त होता है; वह 'बहुव्रीहिसमास' कहा जाता है। 'बहुव्रीहि' शब्द का विग्रहजन्य अर्थ है, 'बहुः व्रीहिः यस्य सः कृषकः' अर्थात् जिसके पास बहुत अन्न हो, वह किसान। यहाँ पर बहु (बहुत), 'व्रीहि' (अन्न) का विशेषण है और सम्मिलित रूप में दोनों पद एक साथ किसी अन्य पद (किसान) के विशेषण के रूप में प्रयुक्त है, अतः बहुव्रीहिः' पद स्वयमेव 'बहुव्रीहिसमास' का उदाहरण है।

इस समास के कुछ प्रमुख उदाहरण यहाँ पर दिये जा रहे हैं। यथा- कष्टेकालः प्राप्तोदकः, पीताम्बरः, प्रपर्णः अपुत्रः, चित्रगुः, रूपवद्धार्यः, द्विमूर्द्धः, अन्नर्लोमः, बहिलोमः, व्याघ्रपात, कुसूलपादः, द्विपातः, सुपात्ः, विकाकुत्, पूर्णकाकुत् सुहृद्, दुर्हृद्, व्यूढोरस्कः, प्रियसार्पिष्कः, युक्तयोगः, महायशस्कः, महायशाः इत्यादि।

२.६.५ द्वन्द्वसमास

'प्रायेणोभयपदार्थ-प्रधानो द्वंद्वः'- अर्थात् जिस समास में दोनों पदप्रधान होता है, वह 'द्वन्द्वसमास' कहा जाता है। इसके अनतर्गत 'च' से जुड़ी हुई दो, या दो से अधिक संज्ञाओं का समास होता हैं- **'द्वे च द्वे च द्वन्द्वे!'** इतरेतर, समाहार तथा एकाशेष के भेद से इस समास के मुख्यतः तीन भेद हैं।

१. **इतरेतरद्वन्द्व–** इस समास में आयी हुई सभी संज्ञाएँ एक दूसरे से अपना अलग व्यक्तित्व रखती है तथा सभी प्रधान होती हैं। यथा– 'शिवकेशवी'=शिवश्च केशवश्च। इसी प्रकार अहोरात्रः द्वादश, अष्टाविशतिः कुक्कुट–मयूर्यौ, मयूरीकुक्कुटौ, धवखदिरौ, अर्थधर्मौ, हरिहरौ, ईशकृष्णौ इत्यादि।

२. **समाहारद्वन्द्व–** इस समास में आयी हुई संज्ञाएँ अपना अर्थ बलाने के साथ–साथ प्रधानता समाहार (समूह) बोधक होती है; इसे 'समाहारद्वन्द्व' कहते है। यथा– 'पाणिपादम=पाणी च पादौ च। इसमें समस्त पद सदैव नपुंसकलिंग एकवचन में होता है। यथा– संज्ञापरिभाषम् मार्दङ्गिकवैणाविकम् रथिकाश्वारोहम् वाक्तवचम्, त्वक्स्रजम् शमीदृशदम्, वाक्तिवषम् छत्रोपाहनम् इत्यादि।

३. **एकशेषद्वन्द्व–** जिस द्वन्द्वसमाज में, दो या दो से अधिक पदों में केवल एक ही शेष रह जाता हैं, उसे 'एकशेषद्वन्द्व' समास कहते है। यथा– 'पितरौ'=माता च पिता च। यहाँ पर **'पिता मात्रा'** सूत्र से माता के साथ पिता का कथन होने पर 'माता' पद का लोप होने से 'पिता' पद विकल्प से शेष रहता है; अतः यह 'एकशेषद्वन्द्व' कहा जाता है।

सामासिकपद	**लौकिकविग्रह**	**अलौकिकविग्रह**	**समासनिर्देश**
अधिहरि	हरौ अधि	हरि ङि अधि	अव्ययीभाव समास
अधिगोपम्	गोपि अधि	गोपा ङि अधि	अव्ययीभाव समास
उपकृष्णम्	कृष्णस्य समीपम्	कृष्ण ङस् उप	अव्ययीभाव समास
निर्मक्षिकम्	मक्षिकाणामभावः	मक्षिका आम् निर्	अव्ययीभाव समास
अतिहिमम्	हिमस्यात्ययः	हिम ङस् अति	अव्ययीभाव समास
अनुविष्णु	विष्णोःपश्चाद्	विष्णु ङसि अनु	अव्ययीभाव समास
अनुरूपम्	रूपस्य योग्यम्	रूप ङस् अनु	अव्ययीभाव समास
यथाशक्ति	शक्तिमनतिक्रम्य	शक्ति अम् यथा	अव्ययीभाव समास
अनुज्येष्ठन्	ज्येष्ठस्यानुपूर्व्येण	ज्येष्ठ ङस् अनु	अव्ययीभाव समास
पञ्चगङ्गम्	पञ्चानां गङ्गानां समाहारः	पञ्चन् आम् गङ्गा आम्	अव्ययीभाव समास
उपशरदम्	शरदः समीपम्	शरद ङस् उप, टच्? अ	अव्ययीभाव समास
प्रतिविपाशम्	विपाशाम् अभिमुखम्	विपाशा अम् प्रति	अव्ययीभाव समास
उपजरसम्	जरायाः समीपम्	जरा ङस् उप	अव्ययीभाव समास
उपराजम्	राज्ञः समीपम्	राजन् ङस् उप, टच्	अव्ययीभाव समास
अध्यात्मन्	आत्मनि	आत्मन् ङि अधि, टच्	अव्ययीभाव समास
उपचर्मम्	चर्मणः समीपम्	चर्मन् ङस् उप	अव्ययीभाव समास
उपसमिधम्	समिधः समीपे	समिध् ङस् उप	अव्ययीभाव समास
कृष्णश्रितः	कृष्णं श्रितः	कृष्ण अम् श्रित सु	द्वि० तत्पुरुष समास
सुखप्राप्तः	सुख प्राप्तः	सुख अम् प्राप्त सु	द्वि० तत्पुरुष समास
शङ्कुलाखण्डः	शङ्कुलया खण्डः	शङ्कुला टा खण्ड सु	तृतीया तत्पुरुष समास
धान्यार्थः	धान्येनार्थः	धान्य टा अर्थ सु	तृतीया तत्पुरुष समास
हरित्रातः	हरिणा त्रातः	हरि टा त्रात तु	तृतीया तत्पुरुष समास

नखभिन्नः	नखैर्भिन्नः	नख भिस् भिन्न सु	तृतीया तत्पुरुष समास
यूपदारु	यूपाय दारु	यूप ङे दारु सु	चतुर्थी तत्पुरुष समास
द्विजार्थः	द्विजाय अर्थः	द्विज ङे अर्थ सु	चतुर्थी तत्पुरुष समास
गोसुखम्	गोभ्यः सुखम्	गो भ्यस् सुख सु	चतुर्थी तत्पुरुष समास
गोहितम्	गोभ्यो हितम्	गो भ्यस् हित सु	चतुर्थी तत्पुरुष समास
गोरक्षितम्	गोभ्यो रक्षितम्	गो भ्यस् रक्षित सु	चतुर्थी तत्पुरुष समास
चोरभयम्	चोराद् भयम्	चोर ङसि भय सु	पञ्चमी तत्पुरुष समास
स्नोकान्मुक्तः	स्तोकाद् मुक्तः	स्तोक ङसि मुक्त सु	पञ्चमी तत्पुरुष समास
राजपुरुषः	राज्ञः पुरुषः	राजन् ङस् पुरुष सु	षष्ठी तत्पुरुष समास
पूर्वकायः	पूर्व कायस्य	पूर्व सु काय ङस्	षष्ठी तत्पुरुष समास
अर्धर्चः	अधर्म् ऋचः	ऋच ङस् अर्ध सु	षष्ठी तत्पुरुष समास
अपरकायः	अपरं कायस्य	अपर सु काय ङस्	षष्ठी तत्पुरुष समास
अर्धपिप्पली	अर्धं पिप्पल्याः	अर्ध सु पिप्पली ङस्	षष्ठी तत्पुरुष समास
राजदन्तः	दन्तानां राज्ञा	दन्त ङस् राजन् सु	षष्ठी तत्पुरुष समास
अक्षशौण्डः	अक्षेषु शौण्डः	अक्ष सुप् शौण्ड सु	सप्तमी तत्पुरुष समास
परमराजः	परमश्च असौ राजा	परम सु राजन् सु	समाना० कर्मधारय समास
महाराजः	महान् च असौ राजा	महत् सु राजन् सु	समाना० कर्मधारय समास
सर्वरात्रः	सर्वा रात्रयः	सर्वा जस् रात्रि अस्	समाना० कर्मधारय समास
पञ्चगवम्	पञ्चानां गवां समाहारः	पञ्चन् ङस् गो ङस्	द्विगु समास
नीलोत्पलम्	नीलमुत्पलम्	नील सु उत्पल सु	समाना० कर्मधारय समास
कृष्णसर्पः	कृष्णः सर्पः	कृष्ण सु सर्प सु	समाना० कर्मधारय समास
घनश्यामः	घन इव श्यामः	घन सु श्याम सु	समाना० कर्मधारय समास
शाकपार्थिवः	शाकप्रियः पार्थिवः	शाकप्रिय सु पार्थिव सु	समाना० कर्मधारय समास
देवब्राह्मणः	देवपूजको ब्राह्मणः	देवपूजक सु ब्राह्मण सु	समाना० कर्मधारय समास
अब्राह्मणः	न ब्राह्मणः	नञ् ब्राह्मण सु	समाना० कर्मधारय समास
अनश्वः	न अश्वः	नञ् अश्व सु	समाना० कर्मधारय समास
सुपुरुषः	शोभनः पुरुषः	शोभन सु पुरुष सु	प्रादि तत्पुरुष समास
प्राचार्यः	प्रगत आचार्यः	प्रगत सु आचार्य सु	प्रादि तत्पुरुष समास
अवकोकिलः	अवक्रुष्टः कोकिलयां	अव कोकिल टा	प्रादि तत्पुरुष समास
निष्कौशाम्बिः	निष्क्रान्तः कौशाम्ब्याः	निस् कौशाम्बी ङसि	प्रादि तत्पुरुष समास
कुम्भकारः	कुम्भं करोति	कुम्भ अम् कार सु	उपपद तत्पुरुष समास
द्वयङ्गुलम्	देअङ्गुलीप्रमाणमस्य	द्वि औ अङ्गुलि औ	समानाधि० द्विगु समास

पञ्चगवम्	पञ्चानां गवां समाहार:	पञ्चन् आम् गो आम्	समानाधि० द्विगु समास
अहोरात्र:	अहञ्च रात्रिश्च	अहन् सु रात्रि सु	द्वन्द्व समास
द्विरात्रम्	द्वयो: रात्र्यो: समाहार:	द्वि ओस् रात्रि ओस्	समानाधि० द्विगु समास
द्वादश	द्वौ च दश च	द्वि औ दशन् अस्	द्वन्द्व समास
अहोरात्र:	अहश्च रात्रिश्च	अहन् सु रात्रि सु	द्वन्द्व समास
अष्टाविंशति:	अष्ट च विंशतिश्च	अष्टन् जस् विंशति जस्	द्वन्द्व समास
कुक्कुटमयूर्यौ	कुक्कुटश्च मयूरी च	कुक्कुट सु मयूरी सु	द्वन्द्व समास
कण्ठेकाल:	कण्ठे काल: यस्य स:	कण्ठ ङि काल सु	बहुब्रीहि समास
प्राप्तोदक:	प्राप्तम् उदकम् यम् स:	प्राप्त सु उदक सु	बहुब्रीहि समास
पीताम्बर:	पीतम् अम्बरम् यस्य स:	पीत सु अम्बर सु	बहुब्रीहि समास
प्रपर्ण:	प्रपतितानि पर्णानि यस्मात्	प्रपतित जस् पर्ण जस्	बहुब्रीहि समास
अपुत्र:	अविद्यमानो पुत्र: यस्य	अविद्यमान सु पुत्र सु	बहुब्रीहि समास
चित्रगु:	चित्रा गावो यस्य	चित्रा जस् गो जस्	बहुब्रीहि समास
स्त्रीप्रमाण:	स्त्रीप्रमाणी यस्य	स्त्री सु प्रमाणी सु	बहुब्रीहि समास
जलजाक्षी	जलजे इव अक्षिणी यस्या:	जलज औ अक्षि औ	बहुब्रीहि समास
द्विमूर्द्ध:	द्वौ मूर्द्धानौ यस्य	द्वि और मूर्द्धन् और	बहुब्रीहि समास
बहिर्लोम:	बहिर्लोमानि यस्य	लोम जस् बहि:	बहुब्रीहि समास
द्विपात्	द्वौ पादौ यस्य	द्वि औ पाद् औ	बहुब्रीहि समास
सुहृद्	शोभनं हृदयं यस्य स:	शोभन् सु हृद् सु	बहुब्रीहि समास
व्यूढोरस्क:	व्यूढम् उरो यस्य	व्यूढ सु उरस् सु	बहुब्रीहि समास
महायशस्क:	महद् यशो यस्य स:	महत् सु यशस् सु	बहुब्रीहि समास
महायशा:	महत् यश: यस्य स:	महत् सु यशस् सु	बहुब्रीहि समास
धवखदिरौ	धवश्च खदिरश्च	धव सु खदिर सु	द्वन्द्व समास
संज्ञापरिभाषम्	संज्ञा च परिभाषा च	संज्ञा सु परिभाषा सु	द्वन्द्व समास
अर्थधर्मौ	अर्थश्च धर्मश्च	अर्थ सु धर्म सु	द्वन्द्व समास
हरिहरौ	हरिश्च हरश्च	हरि सु हर सु	द्वन्द्व समास
ईशकृष्णौ	ईशश्च कृष्णश्च	ईश सु कृष्ण सु	द्वन्द्व समास
पितरौ	माता च पिता च	मातृ सु पितृ सु	द्वन्द्व समास
पाणिपादम्	पाणी च पादौ च	पाणि और पाद् औ	द्वन्द्व समास
रथिकाश्वरोहम्	रथिकाश्च अश्वारोहाश्च	रथिक जस् अश्वारोही जस्	द्वन्द्व समास
वाक्त्वचम्	वाक् च त्वक् च	वाक् सु त्वक् सु	द्वन्द्व समास

त्वक्स्रजम्	त्वक् च स्रक् च	त्वक् सु स्रक् सु	द्वन्द्व समास
वाक्त्विषम्	वाक् च त्विष च	वाक् सु त्विष सु	द्वन्द्व समास
छत्रोपानहम्	छत्रश्च उपानहश्च	छत्र सु उपानह सु	द्वन्द्व समास

2.7 प्रत्ययों का सामान्य परिचय

(१) क्त, (२) क्तवतु प्रत्यय

'क्त' और 'क्तवतु' प्रत्यय भूतकाल में होते हैं। क्त का त और क्तवतु का का तवत् शेष रहता है। क्त कर्मवाच्य या भाववाच्य में होता है, क्तवतु कर्तृवाच्य में। धातु को गुण या वृद्धि नहीं होती है। संप्रसारण होता है। क्त-प्रत्ययान्त के रूप में पुलिंग रामवत्, स्त्रीलिंग में आ लगाकर रमावत् और नपुंसकिलिंग में गृहवत् चलेंगे। यहाँ केवल पुलिंग के ही रूप दिये गये हैं। क्त-प्रत्ययान्त का क्तवत्-प्रत्ययान्त रूप बनाने का सरल प्रकार यह है कि क्त-प्रत्ययान्त के बाद में 'वत्' और जोड़ते है। धातुएँ अकारादिक्रम से दी गई हैं।

अद् – जग्धः (अन्नम्)	कृष् – कृष्टः	गण् – गणितः	चुर् – चोरितः
अधि+इ – अधीतः	कृ – कृतः	गम् – गतः	चेष्ट् – चेष्टितः
अर्च् – अर्चितः	क्रन्द् – क्रन्दितः	गर्ज् – गर्जितः	छिद् – छिन्नः
आप् – आप्तः	क्रम् – क्रान्तः	गृ – गीर्णः	जन् – जातः
आ+रभ् – आरम्धः	क्री – क्रीतः	गै (गा) – गीतः	जि – जितः
आलम्ब्– आलम्बितः	क्रीड् – क्रीडितः	ग्रस् – ग्रस्तः	जीव् – जीवितः
इ – इतः	क्रुध् – क्रुद्धः	ग्रह् – गृहीतः	जृ – जीर्णः
इष् – इष्टः	क्षि – क्षीणः	घ्रा – घ्रातः घ्राणः	ज्ञा – ज्ञातः
कथ् – कथितः	क्षिप् – क्षिप्तः	चर् – चरितः	ज्वल् – ज्वलितः
कम् – कान्तः	क्षुभ् – क्षुब्धः	चल् – चलितः	तन् – ततः
कम्प् – कम्पितः	खन् – खातः	चि – चितः	तप् – तप्तः
कूर्द् – कूर्दितः	खाद् – खादितः	चिन्त् – चिन्ततः	तुष् – तुष्टः
कृ – कृतः	पठ् – पठितः	मुच् – मुक्तः	वे – उतः
तृप् – तृप्तः	पत् – पतितः	मुद् – मुदितः	व्यथ् – व्यथितः
त्यज् – त्यक्तः	पद् – पन्नः	मुह् – मुग्धः, मूढ़	शङ्क्–शङ्कितः
दंश् – दष्टः	पलाय् – पलायितः	मूर्च्छ् – मूर्च्छितः	शप् – शप्तः
दण्ड् – दण्डितः	पा (१प.) – पीतः	मृज् – मृष्टः	शम् – शान्तः
दय् – दयितः	पाल् – पालितः	यज् – इष्टः	शास् – शिष्टः
दह् – दग्धः	पूज् – पूजितः	याच् – याचितः	शिक्ष् – शिक्षितः
दा – दत्तः	प्रच्छ् – पुष्टः	युज् – युक्तः	शी – शयितः
दिव्–द्यूनः, द्यूतः	प्रेर् – प्रेरितः	युध् – युद्धः	शुभ् – शोभितः
दिश् – दिष्टः	बन्ध् – बद्धः	रक्ष् – रक्षितः	शुष् – शुष्कः

दीप् – दीप्तः	बुध् – बुद्धः	रच् – रचितः	श्रु – श्रुतः
दुह् – दुग्धः	ब्रू – उक्तः	रञ्ज् – रक्तः	श्लिष् – श्लिष्टः
दृश् – दुष्टः	भक्ष् – भक्षितः	रम् – रतः	सद् – सन्नः
द्युत् – द्योतितः	भज् – भक्तः	रुच् – रुचितः	सन् – सातः
धा – हितः	भाष् – भाषितः	रुद् – रुदितः	सह – सोढः
धाव् – धावितः	भिद् – भिन्नः	रुध् – रुद्धः	साध् – साधितः
धृ – धृतः	भी – भीतः	रुह् – रूढः	सिच् – सिक्तः
ध्यै – ध्यातः	भुज् – भुक्तः	लभ् – लब्धः	सेव् – सेवितः
ध्वंस् – ध्वस्तः	भू – भतः	लिख् – लिखितः	सो (सा)– सितः
नम् – नतः	भृ – भृतः	लिह् – लीढः	स्तु – स्तुतः
नश् – नष्टः	भ्रम् – भ्रान्तः	लुभ् – लुब्धः	स्था – स्थितः
निन्द् – निन्दितः	मद् – मत्तः	वच् (ब्रू) – उक्तः	स्ना – स्नातः
नी – नीतः	मन्थ् – मन्थितः	वद् – उदितः	स्निह – स्निग्धः
नृत् – नृत्तः	मा – मितः	वन्द् – वन्दितः	स्पृश् – स्पृष्टः
पच् – पक्वः	मिल् – मिलितः	वा – वातः	स्वप् – सुप्तः

इकाई-३ नीतिशतकम्

इकाई की रूपरेखा

३.० प्रस्तावना

३.१ उद्देश्य

३.२ नीतिशतक के पन्द्रह श्लोकों का अनुवाद एवं व्याख्या

३.० प्रस्तावना

इस इकाई में आप भर्तृदृटि की रचना नीतिशतकम् के पन्द्रह श्लोकों का अध्ययन कर सामान्य व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करेंगे।

३.१ उद्देश्य

- **नीतिशतकम् का अध्ययन कर सकेंगे।**
- **श्लोकों का हिन्दी में अनुवाद कर सकेंगे।**
- **मूर्खों के लक्षण को समझ सकेंगे।**
- **विद्वान व्यक्ति के सम्मान को समझ सकेंगे।**

अज्ञः सुखमाराध्यः सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञः।

ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्माऽपि तं नरं न रञ्जयति।।१।।

अन्वयः- अज्ञः सुखम् आराध्यः। विशेषज्ञः सुखतरम् आराध्यते। ज्ञानलवदुर्विदग्धं तं नरं ब्रह्माऽपि न रञ्जयति।

शब्दार्थ- अज्ञः = न जानने वाला (अज्ञानी०। सुखम् = सरलता से। आराध्यः = प्रसन्न किये जाने योग्य, समझाया जा सकता है। विशेषज्ञः = विशेषरूप से जानकार (विद्वान)। सुखतरम् = अधिक आसानी से। आराध्यते = सन्तुष्ट किया जा सकता है, अनुकूल किया जा सकता है, ज्ञानलवदुर्विदग्धम् = ज्ञान के अंश से गर्वित। तं = उस। नरं = मनुष्य को। ब्रह्माऽपि = ब्रह्मा भी। न रञ्जयति = नहीं प्रसन्न कर सकते।

अनुवाद- मूर्ख (मनुष्य) को सरलता से प्रसन्न किया जा सकता है एवं विशेषरूप से जानकार (व्यक्ति) को और भी आसानी से प्रसन्न किया जा सकता है। किन्तु ज्ञान के कण मात्र से भी रहित व्यक्ति को ब्रह्मा भी प्रसन्न नहीं कर सकते।

टिप्पणी- इस श्लोक में आर्या छन्द है, जिनका लक्षण निम्न है-

यस्याः प्रथमे पादे द्वादशमात्रास्तथा तृतीयेऽपि।

अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पञ्चदश साऽऽर्या।।

यह मात्रिक छन्द है। जिसके पहले व तीसरे चरण में क्रमशः ग्यारह-बारह, द्वितीय चरण में अट्ठारह व चौथे चरण में पन्द्रह मात्रा हों उसे आर्या छन्द कहते है।।

लभेत सिकतासु तैलमपि यत्नतः पीडयन्,

पिबेच्च मृगतृष्णिकासु सलिलं पिपासार्दितः।

कदाचिदपि पर्यटञ्छशविषाणमासादये-

न्नतु प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तमाराधयेत्।।२।।

अन्वय- यत्नतः पीडयन् सिकतासु अपि तैलं लभेतं। पिपासार्दितः मृगतृष्णिकासु सलिलं च पिबेत्। पर्यटन् कदाचित् शशविषाणम् अपि आसादयेत्। तु प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तं न आराधयेत्।

शब्दार्थ- यत्नतः = प्रयत्नपूर्वक, परिश्रम से। पीडयन् = दबाता हुआ। सिकतासु = बालू के कणों में। अपि = भी। तैलम् = तेल को। लभेत = पा ले, पा सकता है। पिपासार्दितः = प्यास से सताया हुआ (पीड़ित)। मृगतृष्णिकासु = मृग-मरीचाओं में। सलिलं = जल को। च = और। पिबेत् = पी ले, पी सकता है। पर्यटन् = घूमता हुआ। कदाचित = कभी। शशविषाणाम् = खरगोश के सींच को। अपि = भी। आसादयेत् = प्राप्त कर सकता है। प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तम् = दुराग्रह युक्त मूर्ख के मन को। न = नहीं। आराधयेत् = प्रसन्न कर सकता है।

अनुवाद- (मनुष्य) प्रयत्नपूर्वक मर्दित करने पर (दबाने पर) बालू में (भी) तेल पा सकता है, प्यास से व्याकुल होने पर मृगतृष्णा (बालूमय भूमि में जल का भ्रम कराने वाली सूर्य की किरणों) में (भी) पानी पी सकता है, घूमते-घूमते कभी खरगोश के सींग (जो कि संसार में कभी प्राप्य नहीं है) को (भी) पा सकता है, किन्तु दुराग्रहयुक्त मूर्ख के मन को (कभी) प्रसन्न नहीं कर सकता।

टिप्पणी- (१) इस श्लोक में बताया गया है कि हठधर्मी मूर्ख को प्रसन्न करना असम्भव है।

(२) यहाँ पृथ्वी छन्द है।

(३) मरुभूमि में ग्रीष्म ऋतु के मध्याह्नकाल में प्यास से व्याकुल मृग को रेत में जल का भ्रम हो जाता है और वह इधर-उधर दौड़ता है किन्तु पानी नहीं मिल पाता। यही मृगतृष्णा है।

स्वायत्तमेकान्तगुणं विधात्रा विनिर्मितं छादनमज्ञतायाः।

विशेषतः सर्वविदां समाजे विभूषणं मौनमपण्डितानाम्।।३।।

अन्वय- विधात्रा अपण्डितानाम् अज्ञतायाः छादनम् स्वायत्तम् एकान्तगुणम् मौनं विशेषतः सर्वविदां समाजे विभूषणं विनिर्मितम्।

शब्दार्थ- विधात्रा = ब्रह्मा के द्वारा। स्वायत्तम् = स्वाधीन, इच्छानुसार धारण करने योग्य। एकान्तगुणम् = केवल गुण से परिपूर्ण। अज्ञतायाः छादनं = मूर्खता को ढकने वाला। मौनम् = चुप रहना। विशेषतः = विशेष रूप से। सर्वविदां समाजे = विद्वानों के समाज में। अपण्डितानाम् = मूर्खों का। विभूषणं = आभूषण जैसा। विनिर्मितम् = बनाया।

अनुवाद- ब्रह्मा ने (सदा) अपने अधीन रहने वाला, केवल गुण से परिपूर्ण, मूर्खता को ढकने वाला, विशेषतः विद्वानों की सभा में मूर्खों को भी सुशोभित करने वाला गुण 'मौन' (चुप रहना) को बनाया है।

टिप्पणी- (१) यह श्लोक मूर्ख व्यक्ति के 'मौन' गुण को प्रधान बतलाता है। इससे यह ज्ञात होता है कि चुप रहना अज्ञान को छिपा देता है।

(२) यहाँ पर उपजाति छन्द है जिसका लक्षण है-

"अनन्तरोदीरितलक्ष्मभाजौ पादौ यदीयावुपजातयस्ताः।" अर्थात् इसमें प्रथम चरण में इन्द्रवज्रा तथा शेष तीन चरणों में उपेन्द्रवज्रा मिश्रित है। जहाँ दो छन्दों का एक ही पद्य में मिश्रण हो उसे उपजाति कहते हैं।

यदा किञ्चिज्ज्ञोऽहं द्विप इव मदान्धः समभवं

तदा सर्वज्ञोऽस्मीत्यभवदवलिप्तं मम मनः।

यदा किञ्चित्किञ्चिद् बुधजनसकाशादवगतं

तदा मूर्खोऽस्मीति ज्वर इव मदो मे व्यपगतः।।४।।

अन्वय- यदां अहं किञ्चिज्ज्ञः द्विप इव मदान्धः समभवं तदा सर्वज्ञः अस्मि इति मम मनः अवलिप्तम् अभवत्। यदा बुधजनसकाशात् किञ्चित् किञ्चित् अवगतं तदा (अहं) मूर्खः अस्मि इति मे मदः ज्वर इव व्यपगतः।

शब्दार्थ- यदा = जब। अहम् = मैं। किञ्चिज्ज्ञः = अल्पज्ञ। द्विप इव = हाथी की तरह। मदान्धः = मद से अन्धा। समभवं = हो गया था। तदा = तब। सर्वज्ञः = सब कुछ जानने वाला। अस्मि = हूँ। इति = ऐसा। मम = मेरा। मनः = मन। अवलिप्तम् = गर्व से युक्त, दर्प से भरा हुआ। बुधजनसकाशात् = विद्वानों की संगति से। किञ्चित् किञ्चित् = कुछ-कुछ। अवगतं = सीखा, जाना। तदा = तब। मूर्खः = मूर्ख। अस्मि = हूँ। इति = ऐसा। मे = मेरा। मदः = गर्व, घमण्ड। ज्वरः = जवर। इव = तरह। व्यपगतः = दूर हो गया।

अनुवाद- जब मैं अल्पज्ञ होकर हाथी के समान मदान्ध हो गया था तब मेरे मन में ऐसा गर्व था कि मैं सब कुछ जानने वाला हूँ। जब विद्वानों की संगति से कुछ-कुछ सीखा तब 'मैं मूर्ख हूँ' ऐसा बोध होने पर ज्वर उतरने के समान मेरा गर्व दूर हो गया।

टिप्पणी- इस श्लोक में शिखरिणी छन्द है, जिसका लक्षण है-

'रसै रुद्रैश्छिन्ना यमनसभला गः शिखरिणी'

अर्थात् इसमें यगण, मगण, सगण, भगण और लघु गुरु होते हैं। तथा छः और ग्यारह पर विराम होता है।

शिरः शार्वं स्वर्गात् पशुपतिशिरस्तः क्षितिधरं

महीध्रादुत्तुङ्गादवनिमवनेश्चापि जलधिम्।

अधोऽधो गङ्गेयं पदमुपगता स्तोकमथवा

विवेकभ्रष्टानां भवति विनिपातः शतमुखः।।५।।

अनुवाद- इयं गङ्गा स्वर्गात् शार्वं शिरः पशुपतिशिरस्तः क्षितिधरम् उत्तुङ्गात् महीध्रात् महीध्रात् अवनिं (पतति), अवनेः च अपि जलधिम् (पतति), अधोऽधः स्तोकं पदम् उपगेता। अथवा विवेकभ्रष्टानां शतमुखः विनिपातः भवति।

शब्दार्थ- इयं = यह। गङ्गा = गङ्गा। स्वर्गात् = स्वर्ग से। शार्वं = शिवजी के। शिरः = सिर पर। पशुपतिशिरस्तः = शिवजी के सिर से। क्षितिधरम् = पर्वत पर। उत्तुङ्गात् = ऊँचे। महीध्रात = पर्वत से। अवनिं = पृथ्वी पर। अवनेः च = और पृथ्वी से। अपि = भी। जलधिम् = समुद्र में। अधेऽधः = नीचे-नीचे। स्तोकं = तुच्छ। पद्म = स्थान को। उपगता = प्राप्त हुई। विवेक भ्रष्टानां = जिनको अच्छे बुरे का ज्ञान नहीं रह गया उनका, सत् और असत् ज्ञान से रहित का। शतमुखः = सैकड़ों प्रकार से। विनिपातः = पतन। भवति = होता है।

अनुवाद- यह गङ्गा स्वर्ग से शिवजी के सिर पर (गिरती है), शिव के सिर से (हिमालय) पर्वत पर (गिरती है), ऊँचे पर्वत से पृथ्वी पर (गिरती है) और पृथ्वी से भी समुद्र में (गिरती है)। इस प्रकार क्रमशः निम्न से निम्न स्थान को पहुँच गयी है। ठीक ही है, जिनको अच्छे बुरे का ज्ञान नहीं है ऐसे (पुरुषों) का सैकड़ों प्रकार से पतन होता है।

टिप्पणी- इस श्लोक में शिखरिणी छन्द है। लक्षण निम्न है- **'रसै रुद्रैश्छिन्न यमनसभला गः शिखरिणी'** अर्थात् इसमें यगण, मगण, सगण, भगण और लघु गुरु होते हैं। छः और ग्यारह पर विराम होता है।

साहित्यसङ्गीतकलाविहीनः साक्षात्पशुः पुच्छविषाणहीनः।

तृणं न खादन्नपि जीवमानस्तद्भागधेयं परमं पशूनाम्।।६।।

अन्वय- साहित्यसङ्गीतकलाविहीनः (मनुष्यः) साक्षात् पुच्छाविषाणहीनः पशुः (एव अस्ति)। तृणं न खादन् अपि जीवमानः तत् पशूनां परमं भागधेयम्।

शब्दार्थ- साहित्यसङ्गीतकलाविहीनः = साहित्य और संगीत की कला से रहित। साक्षात् = प्रत्यक्ष। पुच्छविषाणहीनः = पूँछ और सींगों से रहित। पशुः = पशु। तृणं = घास को। न = नहीं। खादन् = खाता हुआ। अपि = भी। जीवमानः = जीवन धारण करता हुआ। तत् = तो। पशूनां = पशुओं के लिए। परमं = अत्यन्त। भागधेयम् = भाग्य की बात, सौभाग्य।

अनुवाद- साहित्य और संगीत की कला से अनभिज्ञ (मनुष्य) पूँछ और सींगों से रहित साक्षात् पशु (ही है)। (वह) घास न खाते हुए भी जीवन धारण करता है, वह पशुओं के लिए अत्यन्त भाग्य की ही बात है (अन्यथा वह उनकी घास भी खा जाता)।

टिप्पणी- इस श्लोक में इन्द्रवज्रा (प्रथम, द्वितीय और चतुर्थ चरणों में) और उपेन्द्रवज्रा (तृतीय चरण में) की उपजाति छन्द है।

येषां न विद्या न तपो न दानं ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः।

ते मर्त्यलोके भुवि भारभूता मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति।।७।।

अन्वय- येषां विद्या न, तपः न, दानं न, ज्ञानं न, शीलं न, गुणः न, धर्मः (न अस्ति), ते मर्त्यलोके भुवि भारभूताः (सनित), मनुष्यरूपेण मृगाः चरन्ति।

शब्दार्थ- येषां = जिनके (पास), विद्या = शास्त्रों का ज्ञान। न= नहीं। तपः = तपस्या। न = नहीं। दानं = दान। न = नहीं। धर्मः = धर्म। न = नहीं। शीलं = शील (सदाचार)। न = नहीं। गुणं = गुण। ते = वे। मर्त्यलोके = मृत्युलोक में। भुवि =भूमि पर। भारभूताः = भारस्वरूप। मनुष्यरूपेण = मनुष्य के रूप में। मृगाः = पशु। चरन्ति = विचरण करते हैं।

अनुवाद- जिनमें न विद्या (शास्त्रों का ज्ञान) है, न तप है, न दान है, न ज्ञान है, न शील (सदाचार) है, न उत्तम गुण है, न धर्म है, वे (इस) मृत्युलोग में पृथिवी पर भारस्वरूप होकर मनुष्य के रूप में पशु विचरण करते हैं।

टिप्पणी- इस श्लोक में इन्द्रवज्रा (प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरणों में) और उपेन्द्रवज्रा (चतुर्थ चरण में) की उपजाति छन्द है।

अम्भोजिनीवननिवासविलासमेव

हंसस्य हन्ति नितरां कुपितो विधाता।।

न त्वस्य दुग्धजलभेदविधौ प्रसिद्धां

वैदग्ध्यकीर्तिमपहर्तुमसौ समर्थः।।८

अन्वय- नितरां कुपितः विधाता हंसस्य अम्भोजिनीवननिवासहारविलासम् एव हन्ति। दुग्धजलभेदविधौ प्रसिद्धां वैदग्ध्यकीर्तिम् अपहर्तुं तु असौ न समर्थः।

शब्दार्थ- नितरां कुपितः = अत्यन्त-कुद्ध होने पर भी। विधाता = ब्रह्मा। हंसस्य = हंस के। अम्भोजिनीवननिवासहारविलासम् = कमलिनी वन में क्रीड़ा करने के आनन्द को। हन्ति = नष्ट कर सकता। अस्य = इसकी (हंस के)। दुग्धजलभेदविधौ = दूध और जल को पृथक्- पृथक् करने की प्रक्रिया में। प्रसिद्धां = विख्यात। वैदग्ध्यकीर्तिम् = निपुणता की कीर्ति को। अपहर्तुं = हरण करने में। तु = तो। असौ = यह (ब्रह्मा)। न समर्थः = समर्थ नहीं है।

अनुवाद- अत्यन्त क्रुद्ध होने पर विधाता हंस के कमलिनी वन में क्रीड़ा करने के आनन्द को नष्ट कर सकता है, (किन्तु) वह भी इसकी (हंस की) दूध और जल को पृथक् करने की प्रसिद्ध निपुणता की कीर्ति को हरण करने में समर्थ नहीं है।

टिप्पणी- (१) इस श्लोक से स्पष्ट होता है कि राजा कवि के धन को छीन सकता है, राजदरबार में प्रवेश से भी रोक सकता है,

किन्तु उसके व्यक्तित्व और वैदुष्य को नहीं छीन सकता। इस प्रकार विद्वानों का स्वाभाविक गुण कोई भी नष्ट नहीं कर सकता।

(२) इस श्लोक में वसन्ततिलका छन्द है।

केयूराणि न भूषयन्ति पुरुषं हारा न चन्द्रोज्ज्वला

न स्नानं न विलेपनं न कुसुमं नालङ्कृता मूर्धजाः।

वाण्येका समलङ्करोति पुरुषं या संस्कृता धार्यते

क्षीयन्ते खलु भूषणानि सततं वाग्भूषणं भूषणम्।।९।।

अन्वय- पुरुषं केयूराणि न भूषयन्ति, चन्द्रोज्ज्वलाः हाराः न, स्नानं च, विलेपनं न, कुसुमं न, अलङ्कृता मूर्धना न (भूषयन्ति)। एका संस्कृता वाणी या धार्यते (सा) पुरुषं खलु भूषणानि क्षीयन्ते। वाग्भूषणं सततं भूषणम्।

शब्दार्थ- पुरुषं = मनुष्य को। केयूराणि = केयूर नाम के आभूषण (बाजूबन्द)। न भूषयन्ति = सुशोभित नहीं करते। चन्द्रोज्ज्वलाः = चन्द्रमा के समान धवन (निर्मल)। हाराः = हार (मुक्तादि से निर्मित माला) न = नहीं। स्नानं = स्नान। विलेपनम् = चन्दन का लेप। कुसुमं = फूल। अलङ्कृता = सजाये हुए। मूर्धजाः = केश। एका = एकमात्र, केवल। संस्कृता = (व्याकरणादि से) परिष्कृत शुद्ध। वाणी = वाक्। या = जो, धार्यते = धारण की जाती है (मुख में स्थापित की जाती है)। पुरुषं = पुरुष को। समलङ्करोति = अच्छी प्रकार अलंकृत करती है। खलु = निश्चयवाचक निपात। भूषणानि = आभूषण। क्षीयन्ते = नष्ट हो जाते हैं। वाग्भूषणेम् = वाणी रूपी आभूषण। सततं = निरन्तर, सदा। भूषणम् = आभूषण।

अनुवाद- मनुष्य को न तो केयूर (बाजूबन्द) सुशोभित करते हैं, न तो चन्दनादि का लेप, न फूल एवं सजाये हुए केश ही (सुशोभित करते हैं)। मनुष्य को केवल एक वाणी ही सुशोभित करती है। इस लोक में शार्दूलविक्रीडित छन्द है।

विद्या नाम नरस्य रूपमधिकं प्रच्छन्नगुप्तं धनं

विद्या भोगकरी यशःसुखकरी विद्या गुरूणां गुरुः।।

विद्या बंधुजनो विदेशगमने विद्या परं दैवतं

विद्या राजसु पूजिता न तु धनं विद्याविहीनः पशुः।।१०।

अन्वय- विद्या नाम नरस्य अधिकं रूपं, प्रच्छन्नगुप्तं धनं, विद्या भोगकारी यशः सुखकरी विद्या गुरुणां गुरुः, विद्या विदेशगमने बन्धुजनः; विद्या परं दैवतम्, विद्या राजसु पूज्यते धनं नहि, विद्या विहीनः पशु, (अस्ति)।

शब्दार्थ- विद्या नाम = विद्या नाम की वस्तु। नरस्य = मनुष्य का। अधिकं रूपं = विशेष स्वरूप है। प्रच्छन्नगुप्तं = अत्यन्त छिपा हुआ। धनं = धन। भोगकरी = सुख की वस्तुएँ देने वाली, ऐश्वर्य को देने वाली। यशः सुखकरी = यश और सुख को देने वाली। गुरुणां = गुरुओं की। गुरुः = गुरु। विदेशगमने = परदेश जाने पर। बन्धुजन = बान्धवों की तरह। परं दैवतम् = सबसे श्रेष्ठ देवता। राजसु = राजाओं में। पूज्य = पूजी जाती है। नहि धनम् = धन नहीं। विद्याविहीनः = विद्या से रहित। पशुः = मृग, पशु।

अनुवाद- विद्या मनुष्य का विशेष स्वरूप है। अत्यन्त छिपा हुआ धन है। विद्या भोग पद को देने वाली है। यश और सुख को देने वाली है। विद्या गुरुओं का भी गुरु है। विद्या परदेश में रहने पर बन्धु (बान्धवों की तरह) है। विद्या सबसे बड़ा देवता है। विद्या राजाओं के मध्य पूजित होती है; धन नहीं। विद्या से रहित मनुष्य पशु है।

टिप्पणी– यहाँ शार्दूलविक्रीडित छन्द है।

दाक्षिण्यं स्वजने दया परिजने शाठ्यं सदा दुर्जने

प्रीतिः साधुजने नयो नृपजने विद्वज्जने चार्जवम्।

शौर्यं शत्रुजने क्षमा गुरुजनो कान्ताजने धृष्टता

ये चैवं पुरुषाः कलासु कुशलास्तेष्वेव लोकस्थितिः।।११।।

अन्वय– स्वजने दाक्षिण्यं, परिजने दया, दुर्जने सदा शाठ्यं, साधुजने प्रीतिः, नृपजने नयः विद्वज्जने च आर्जवम्, शत्रुजने शौर्यं, गुरुजने क्षमा, नारीजने धृष्टता, ये च पुरुषाः एवं कलासु कुशलाः तेषु एव लोकस्थितिः (अस्ति)।

शब्दार्थ– स्वजने = आत्मीय जनों पर। दाक्षिण्यं = अनुकूलता, उदारभाव। परिजने = सेवक आदि पर। दया = कृपा। दुर्जने = दुष्टों पर। सदा = निरन्तर। शाठ्यं = शठता। साधुजने = सज्जनों में। प्रीतिः = प्रेम। नृपजने = राजाओं के विषय में। नयः = नीति (का व्यवहार)। विद्वज्जने = विद्वानों के विषय में। च = और। आर्जवम् = सरलता। शत्रुजने = शत्रुजनों पर। शौर्य = पराक्रम। गुरुजने = पूज्य जनों के विषय में। क्षमा = सहनशीलता। नारीजने = स्त्रीजनों में। धृष्टता = प्रगल्भता। ये = जो। पुरुषः = मनुष्य। एवं = इस प्रकार। कलासु = गुणों में। कुशलाः = चतुर हैं। तेषु एव = उन पर ही। लोकस्थितिः = संसार स्थित है।

अनुवाद– आत्मीय जनों के प्रति अनुकूलता, सेवकों आदि के प्रति कृपा, दुर्जनों के प्रति सर्वदा शठता का व्यवहार, सज्जनों के प्रति प्रेम, राजाओं के विषय में नीति का व्यवहार, विद्वानों के विषय में सरलता का व्यवहार, शत्रुओं के प्रति वीरता, पूज्य जनों के प्रति सहनशीलता या क्षमा–याचना तथा स्त्रियों के प्रति प्रगल्भता, जो पुरुष इस प्रकार की कलाओं में चतुर हैं उन्हीं पर ही संसार (की मर्यादा) स्थित है। अर्थात् वही लोक जीवन में सफल हो सकता है।

टिप्पणी– यहाँ शार्दूलविक्रीड़ित छन्द है।

जाड्यं धियो हरति सिञ्चति वाचि सत्यं

मानोन्नतिं दिशति पापमपाकरोति।।

चेतः प्रसादयति दिक्षु तनोति कीर्तिम्

सत्संगतिः कथय किं न करोति पुंसाम्।।१२।।

अन्वय– (सत्संगतिः पुंसां) धियः जाड्यं हरति, वाचि सत्यं सिञ्चति, मानोन्नतिं दिशति, पापम् अपाकरोति, चेतः प्रसादयति, दिक्षुः कीर्तिं तनोति, कथय सत्संगतिः पुंसां किं न करोति ?

शब्दार्थ– धियः = बुद्धि की। जाड्यं = जड़ता को। हरति = नष्ट करती है, दूर करती है। वाचि = वाणी में। सत्यं सिञ्चति = सत्य को सींचती है। मानोन्नतिं = सम्मान की वृद्धि को। दिशति = देती है। पापम् = पाप को, कल्मषतां को, अपाकरोति = दूर करती है, नष्ट करती है। चेतः = चित्त को, मन को। प्रसादयति = प्रसन्न कर देती है। दिक्षु = दिशाओं में। कीर्ति = यश को। तनोति = फैलाती है। कथय = कहिये। सत्संगति = सज्जनों की संगति। पुंसाम् = मनुष्यों का। किं = क्या ? न करोति = नहीं करती है।

अनुवाद– (सज्जनों की सङ्गति मनुष्यों की) बुद्धि की जड़ता (मन्दता) दूर करती है, वाणी में सत्य का सिञ्चन (प्रवेश) कराती है, सम्मान की वृद्धि को देती है और पाप को दूर करती है, मन को प्रसन्न कर देती है और दिशाओं में यश को फैलाती है। कहिये सत्संगति मनुष्यों का क्या (कल्याण) नहीं करती ? (अर्थात् सत्संति मनुष्यों के पूर्वोक्त सभी कार्यों को सम्पन्न करती है।)

टिप्पणी– यहाँ वसन्ततिलका छन्द है।

जयति ते सुकृतिनो रससिद्धाः कवीश्वराः।

नास्ति येषां यशः काये जरामरणजं भयम्।।१३।।

अन्वय- सुकृतिनो रससिद्धाः ते कवीश्वराः जयन्ति, येषां यशःकाये जरामरणजं भयं नास्ति।

शब्दार्थ- सुकृतिनः-

अनुवाद- वे अत्यन्त पुण्यवान् रसवर्णन में निपुण महाकवि; सर्वश्रेष्ठ एवं सदा विजयी हैं, जिनके यशरूपी शरीर को बुढ़ापे तथा मृत्यु से उत्पन्न भय नहीं है अर्थात् सरस कविता करने वाले कवीश्वर संसार में सर्वोत्कृष्ट हैं। उनके यश का कभी नाश नहीं होता है। और वे जरामरणादि दुःख से नितान्त स्वतंत्र तथा निर्भय हैं।

प्रारभ्यते न खलु विघ्नभयेन नीचैः।

प्रारभ्य विघ्नविहता विरमन्ति मध्याः।

विघ्नैः पुनः पुनरपि प्रतिहन्यमानाः

प्रारब्धमुत्तमजना न परित्यजन्ति।।१४।।

अन्वय- नीचैः विघ्नभयेन न प्रारभ्यते खलु। मध्याः प्रारभ्य विघ्नविहताः विरमन्ति। उत्तम जनाः प्रारभ्य च विघ्नैः पुनः-पुनः प्रतिहन्यमानाः अपि न परित्यजन्ति।

शब्दार्थ- नीचैः = नीच जनों द्वारा, क्षुद्रजनों द्वारा। विघ्नभयेन = विघ्न के भय से। प्रारभ्यते = नहीं प्रारम्भ किया जाता। मध्याः = मध्यम कोटि के लोग। प्रारभ्य = प्रारम्भ करके। विघ्नविहताः = विघ्नों से सताये हुए। विरमन्ति = छोड़ देते हैं। उत्तमजनाः = श्रेष्ठ व्यक्ति। विघ्नैः = विघ्नों द्वारा। पुनः पुनः = बार-बार। प्रतिहन्यमानाः = पीड़ित होने पर भी। न परित्यजन्ति = नहीं छोड़ते।

अनुवाद- अधम प्रकृति के लोग विघ्न के भय से निश्चय ही (किसी कार्य को) प्रारम्भ ही नहीं करते। मध्यम कोटि के मनुष्य विघ्नों से सताये जाने पर प्रारम्भ किये गये कार्य को (बीच में ही) छोड़ देते हैं। किन्तु उत्तम प्रकृति के लोग विघ्नों के द्वारा बार-बार पीड़ित होने पर भी प्रारम्भ किये गये कार्य को नहीं छोड़ते हैं (अर्थात् उसे पूरा ही करते हैं)।

टिप्पणी- यहाँ पर वसन्तलिका छन्द है।

असन्तो नाभ्यर्थ्याः सुहृदपि न याच्यः कृशधनः

प्रिया न्याय्या वृत्तिर्मलिनमसुभङ्गेऽप्यसुकरं।।

विपद्युच्चैः स्थेयं पदमनुविधेयं च महतां

सतां केनोद्दिष्टं विषममसिधाराव्रतमिदम्।।१५।।

अन्वय- असन्तो न अभ्यर्थ्याः, कृशधनः सुहृदपि न याच्यः, प्रिया न्याय्या वृत्तिः, असुभङ्गेपि मलिनम् असुकरं, विपदि उच्चैः स्थेयं, महतां पदमनुविधेयं च इदं विषमम् असिधाराव्रतं सतां केनोद्दिष्टम् ?

शब्दार्थ- असन्तः = दुर्जनों से। न अभ्यर्थ्याः = प्रार्थना नहीं करनी चाहिए। कृशधनः = कम धन वाला, क्षीण धन वाला। सुहृदपि = मित्र भी। न = नहीं। याच्यः = माँगने योग्य। प्रिया = जो सबको प्रिय लगने लगे। नाय्या = न्याय युक्त। वृत्तिः = आजीविका। असुभङ्गे अपि = प्राणान्त काल में भी। मलिनम् = निन्दनीय कर्म। असुकरम् = दुष्कर है। विपदि = आपत्काल में। उच्चैः स्थेयं = ऊँचा होकर रहा जाय। महतां = बड़े लोगों की। पदम् = पद्धति का। अनुविधेयं = अनुसरण किया जाय। इदं = इस प्रकार। विषमम् = कष्टदायक। असिधाराव्रतम् = खड्ग की धार पर चलने के समान तीक्ष्ण व्रत। सतां = सज्जनों

के लिए। केनोद्दिष्टम् = किसने उपदेश किया है ?

अनुवाद- दुर्जनों से याचना न करना, निर्धन मित्र से भी याचना न करना, न्याययुक्त आजीविका का प्रिय होना, प्राणान्तकाल में भी निन्दनीय कर्म न करना, विपत्ति काल में भी उच्चभाव से रहना, बड़े लोगों के मार्ग का अनुसरण करना, इस कष्टदायक खड्ग की धार पर चलने जैसे तीक्ष्ण व्रत का सज्जनों के लिए किसने उपदेश दिया है ? अर्थात् किसी ने नहीं, वे स्वभावतः इसका आचरण करते हैं।

टिप्पणी– इस श्लोक में शिखरिणी छन्द है।

इकाई-४ सरल-सम्भाषण अनुवाद एवं पत्र-लेखन

इकाई की रूपरेखा

४.० प्रस्तावना

४.१ उद्देश्य

४.२ सरल–सम्भाषण

४.३ अनुवाद

४.३.१ अनुवाद के सरल नियम

४.३.२ अभ्यास

४.४ पत्र–लेखन

४.० प्रस्तावना

इस इकाई का संस्कृ सम्भाषण एवं लेखन में बहुत अधिक महत्त्व है। इस के अध्ययन से अनुवाद करने में सहायता मिलेगी।

४.१ उद्देश्य

- सम्भाषण में कौशल प्राप् कर सकेंगे।
- अनुवाद कर सकेंगें।
- अनुवाद के सरल–नियमों को जान सकेंगें।
- पत्र–लेखन की विद्या को जान सकेंगें।

४.१ सरल—सम्भाषण के वाक्य

१. आपका का क्या नाम है ? भवतः/भवत्याः किं नाम ?

२. मेरा नाम अंश/अंशिका है मम नाम अंशः/अंशिका अस्ति।

३. आपसे मिलकर बहुत खुशी हुई। भवत्मेलनात् महती प्रीतिर्जाता/महान् हर्षः जातः।

४. आप क्या करते हैं/करती हैं ? भवान्/भवती किं करोति ?

५. मैं विश्वविद्यालय में काम करता/करती हूँ। अहं विश्वविद्यालये कार्यं करोमि।

६. आप यहाँ किसलिये आये हैं ? भावन्/भवती अत्र किमर्थम् आगत/आगता।

७. हम यहाँ सम्मेलन में भाग लेने आये हैं। वयं सम्मेलने भागग्रहणाय अत्र आगताः।

८. इस समय आप कहाँ रहते/रहती हैं ? सम्प्रति भवान्/भवती कुत्र निवसति ?

९. मैं प्रयागराज में रहता हूँ। अहं प्रयागराजे निवसामि।

१०. कृपया यहाँ बैठिये। कृपया अत्र उपविशतु।

११. आपको भूख लगी होगी। नूनं क्षुधितः भवान्/क्षुधिता भवती।

१२. आप क्या लेंगे/लेंगी ? भवान्/भवती किं ग्रहीष्यति ?

१३. मैं स्वेच्छा से कुछ भी खा लूँगा/लूँगी। अहं स्वेच्छया किमपि खादिष्यामि।

१४. कृपया थोड़ा और लें। कृपया अधिकं गृह्णातु

१५. आप किस पद पर कार्य करते/करती हैं ? भवान्/भवती कस्मिन् पदे कार्यं करोति ?

१६. मैं सहायक आचार्य हूँ अहं सहायकाचार्यः/सहायकाचार्या अस्मि।

१७. आपका मोबाईल नं० क्या है ? भवतां/भवतीयां चलभाषसंख्या का ?

१८. उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय का रास्ता बतायें।

कृपया उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्तविश्वविद्यालयस्य मार्गं वदन्तु।

१९. सीधे/दायें/बायें चले जायें प्रत्यक्षम्/दक्षिणतः/वामतः गच्छन्तु।

२०. क्या यह प्राची हास्पिटल से दूर है। किं इदं प्राची चिकित्सालयात् दूरे विद्यते ?

२१. दूर नहीं है, पास में ही है। दूरे नास्ति/निकट एव।

२२. यहाँ पास में नाई की दुकान कहाँ है ? अत्र समीपे नापितापणः कुत्र अस्ति ?

२३. मुझे बाल कटवाने हैं। अहं केशकर्तनं वाञ्छामि।

२४. उठिये, सुबह हो गयी। उत्तिष्ठतु, उदितो दिवसः।

२५. समय क्या है ? का वेला ? कः समयः ?

२६. सात बजे हैं सप्तवादनं जातम्।

२७. क्या विश्वविद्यालय नहीं जायेंगे ? किं विश्वविद्यालयं न गमिष्यसि ?

२८. अवश्य जाउँगा। अवश्यमेव गमिष्यामि।

२९. आज सत्रान्त परीक्षा है। अद्य सत्रान्तपरीक्षा अस्ति।

३०. आपकी बस कितने बजे आयेगी ? भवतः/भवत्याः बसयानम् कतिवादने आगमिष्यति ?

३१. आने ही वाली है। सद्यः एव।

३२. थोड़ा रूकें। किञ्चित् विरम्यताम्।

३३. जल्दी चलें। शीघ्र गम्यताम्।

३४. क्या मैं अन्दर आ सकता हूँ ? अपि प्रविशामि ?

४.३ अनुवाद के सामान्य नियम :

4.3.1 अनुवाद के सामान्य नियम

१. कर्ता (व्यक्ति नाम वस्तनाम आदि) में प्रथमा विभक्ति होती है। जैसे–रामः पठति।

२. कर्ता के अनुसार क्रिया का वचन और पुरुष होता है। जैसे– सः पठति। कर्ता प्रथम पुरुष एकवचन में है तो क्रिया भी प्रथम पुरुष एकवचन में होगी।

३. 'भवत्' (आप) शब्द के साथ सदा प्रथमपुरुष आता है।

४. तीन लिंगों में धातु का रूप वही रहता है।

५. कर्ता में प्रथमा विभक्ति होती है और कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है।

६. बिना प्रत्यय लगाये शब्द या धातु का प्रयोग गलत होता है। जैसे– 'रामः पठति' शुद्ध है। 'राम पठ्' अशुद्ध है।

७. 'स्मृ' धातु के साथ साधारण स्मरण में द्वितीया होती है। खेदपूर्वक स्मरण में षष्ठी होती है। जैसे– पाठं स्मरति, ईश्वरं स्मरति।

८. 'च' (और) का प्रयोग हिन्दी के प्रयोग से एक शब्द बाद किया जाता है। जैसे– फल और फूल– फलं पुष्पं च। फलं च पुष्पं– यह अशुद्ध है।

९. सम्बोधन अर्थात् पुकारने में संबोधन विभक्ति होती है। जैसे– हे राम!

१०. कर्ता जिस (व्यक्ति, वस्तु या क्रिया) को बहुत चाहता है, उसे कर्म कहते हैं) कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे– रामः विद्यालयं गच्छति। सः पुस्तकं पठति। सः रामं पश्यति।

११. अभितः, परितः, समया, निकषा, हा, प्रति, अनु के साथ द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे– ग्रामम् अभितः। वनं निकषा समया वा।

१२. गति (चलना, हिलना, जाना) अर्थवाली धातुओं के साथ द्वितीया होती है। जैसे– ग्रामं गच्छति। वनं विचरति। तृप्तिं गच्छति।

१३. समय और स्थान के दूरी वाचक शब्दों में द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे– दश दिनानि लिखति। पञ्च वर्षाणि पठति। क्रोशं गच्छति।

१४. क्रिया की सिद्धि में सहायक को करण कहते हैं। करण में तृतीया विभक्ति होती है। कर्मवाच्य तथा भाववाच्य में कर्ता में तृतीया होती है। जैसे– कन्दुकेन क्रीडति। दण्डेन चलति। रामेण गृहं गम्यते।

१५. सह, साकम्, समम् (साथ के अर्थ में) के साथ तृतीया ही होती है। जैसे– जनकेन सह, साकं, सार्धं, समं वा गृहं गच्छति।

१६. जिस चिह्न से किसी व्यक्ति या वस्तु का बोध होता है, उसमें तृतीया होती है। जैसे– जटाभिः तापसः (जटाओं के तपस्वी)।

१७. कारण बोधक अर्थात् हेतु के अर्थ में तृतीया होती है। जैसे– अध्ययने वसति।

१८. किम्, कार्यम्, अर्थः और प्रयोजनम् (चारों प्रयोजन अर्थ में हों तो) के साथ तृतीया होती है। जैसे– मूर्खेण पुत्रेण किम्, किं कार्यम्, कोऽर्थः, किं प्रयोजनम् ? (मूर्ख पुत्र से क्या लाभ या क्या प्रयोजन)। तृणेन अपि कार्यं भवति।

१९. शरीर का जो अंग विकार ग्रसित हो उसमें तृतीया विभक्ति होती है। जैसे– नेत्रेण काणः, कर्णेन बधिरः।

२०. अलम् (बस, मत) के साथ तृतीया होती है। जैसे– अलं हसितेन। अलं विवादेन।

२१. पदान्त 'म्' के बाद कोई व्यंजन हो तो 'म्' को अनुस्वार (.) हो जाता है परन्तु स्वर होने पर 'म्' ही रहता है। जैसे– रामम् + पश्यति = रामं पश्यति (पदान्त 'म्' के व्यञ्जन 'प' होने के कारण अनुस्वार हो गया। रामम् / अपश्यत् = राममपश्यत हो गया। पदान्त 'म्' के बाद 'अ' स्वर आने पर म् / अ मिलकर 'म' हो गया।

२२. सर्वनाम शब्दों और विशेषण शब्दों का वही लिंग, विभक्ति और वचन होता है जो विशेष्य का होता है। जैसे– कः नरः, कं नरम्, केन नरेण। का बाला।

२३. दान के अर्थ में चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे– विप्राय धनं ददाति।

२४. नमः स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलम्, वषट् के अर्थ में चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे– गुरुवे नमः। शिष्याय स्वस्ति। अग्नये स्वाहा। पितृभ्यः स्वधा। इन्द्राय वषट्। हरिः दैत्येभ्यः अलम्, प्रभुः समर्थः, शक्तः वा।

२५. 'रुच्' (अच्छा लगना) अर्थ की धातु के साथ चतुर्थी होती है। जिसे अच्छा लगता है उसमें चतुर्थी होती है। जेसे– बालकाय मोदकं रोचते। पुत्राय दुग्धं रोचते।

२६. जिस प्रयोजन के लिए जो वस्तु या क्रिया होती है, उसमें चतुर्थी होती है। जैसे– मोक्षाय हरिं भजति। शिशुः दुग्धाय क्रन्दति।

२७. चतुर्थी के अर्थ में 'अर्थम्' और 'कृते' अव्ययों का प्रयोग होता है। जैसे– भोजनार्थम्। कृते के साथ षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे– भोजनस्य कृते।

२८. जिससे कोई वस्तु आदि अलग होती है उसमें पञ्चमी विभक्ति होती है। जैसे– वृक्षात् पत्रं पतति।

२९. भय और रक्षा अर्थ में पञ्चमी विभक्ति होती है। जैसे– चोराद् विभेति। चोरात् त्रायते।

३०. जिससे विद्या आदि पढ़ी जाए, उसमें पंचमी विभक्ति होती है। जैसे– उपाध्यायादधीते। गुरोः पठति।

३१. जिस वस्तु से किसी को हटाया जाय, उसमें पंचमी होती है। जैसे– यवेभ्यः पशुं वारयति। पुत्रं पापाद् वारयति, निवारयति वा।

३२. जायते, उद्भवति, प्रभवति, उद्गच्छति (इन चारों का उत्पन्न होना या निकलना) अर्थ में पंचमी होती है। जैसे– हिमालयाद् गङ्गा प्रभवति।

३३. तुलना के अर्थ में पंचमी होती है। जैसे– रामात् कृष्णः पटुतरः। धनात् ज्ञानं गुरुतरम्।

३४. पृथक् और बिना के अर्थ में पंचमी, द्वितीया और तृतीया होती है। जैसे– रामात्, रामेण, रामं विना पृथक् वा।

३५. दूर और निकटवर्ती शब्दों में पंचमी, द्वितीया और तृतीया तीनों होती है। जैसे– ग्रामस्य दूरात्, दूरेण, दूरम्।

३६. सम्बन्ध का बोध के साथ षष्ठी होती है। जैसे–गङ्गायाः जलम्। समस्य पुस्तकम्। रामायणस्य कथा।

३७. हेतु शब्द के साथ षष्ठी होती है। जैसे– अन्नस्य हेतोः वसति।

३८. स्मरण अर्थ में षष्ठी होती है। जैसे– मातुः स्मरति।

३९. उपरि, उपरिष्टात्, अद्यः, अधस्तात्, पुनः, पुरस्तात्, पश्चात्, अग्रे, दक्षिणतः और उत्तरतः के साथ षष्ठी होती है। जैसे– ग्रामस्य दक्षिणतः उत्तरतः आदि। वृक्षस्य उपरि, उपरिष्टात्, अधः अधस्तात् वा।

४०. बहुतों में से एक को छाँटने में जिसमें से छाँटा जाए उसमें षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे– छात्राणां छात्रेषु रामः श्रेष्ठः पटुतमः वा।

४१. कृते (लिए), समक्षम्, मध्ये, अन्तः और अन्तरे के साथ षष्ठी होती है। भोजनस्य कृते। गुरोः समक्षम्। छात्राणां मध्ये। गृहस्य अन्तः अन्तरेवा।

४२. आशीर्वाद सूचक शब्दों (आयुष्यम्, भद्रम्, कुशलम्, सुखम्, हितम्, अर्थः, प्रयोजनम्, शम्, पश्यम आदि) के साथ षष्ठी और चतुर्थी दोनों होती है। कृष्णस्य कृष्णाय वा भद्रम्, कुशलम्, शं वा भूयात्।

४३. क्रिया के आधार को अधिकरण कहते हैं और उसमें सप्तमी होती है।

४४. जैसे- विद्यालये पठति। दूर और समीपवाची शब्दों के साथ षष्ठी और पंचमी दोनों होती हैं। जैसे-ग्रामस्य ग्रामाद् वा दूरं, समीपं, पार्श्व सकाशं वा।

४५. तुल्यवाची शब्दों (तुल्य, सदृश,सम) के साथ षष्ठी और तृतीया दोनों होती हैं। कृष्णस्य कृष्णेन वा तुल्यः, सदृशः, समः।

४६. 'विषय में, बारे में, अर्थ में तथा समय-बोधक शब्दों में सप्तमी होती है। मोक्षे इच्छास्ति दिने, दिवसे, प्रातःकाल, मध्याहेन, सायंकाल या कार्य करोति।

४७. प्रेम, आसक्ति या आदरसूचक धातुओं या शब्दों (स्नेह् , अभिलष् अनुर ....,। आदि, रति, आसक्त आदि) के साथ सप्तमी होती है। मयि स्नेहः।

अभ्यास

१. वह पढ़ता है।

२. वह गाँव को जाता है।

३. बालक पढ़ता है।

४. मनुष्य हँसता है।

५. आप वहाँ जाते हैं।

६. तुम दोनों यहाँ आते हो।

७. दो पत्ते गिर रहे हैं।

८. तुम लोग पाठ पढ़ रहे हो।

९. मैं लिखता हूँ।

१०. हम दोनों पाठशाला जाते हैं।

११. बालक क्रीड़ा करते हैं।

१२. तुम कैसे पढ़ते हो ?

१३. पुत्र चन्द्रमा को चाहता है।

१४. बालिका विद्यालय की ओर (प्रति) जाती है।

१५. विद्यालय के दोनों ओर पेड़ हैं।

१६. राजा दुर्जन को दुःख देता है।

१७. गाँव के नीचे-नीचे जल है।

१८. वह दर्श वर्ष तक अध्ययन करता है।

१९. पुत्र घर में सोता है।

२०. तू नमस्कार करेगा।

२१. तू ईश्वर को स्मरण करेगा।

२२. बकरी को गाँव में ले जाता है।

२३. जटा से संन्यासी लगता है।

२४. पिता के साथ बालक जाता है।

२५. शत्रु आँख से काना है।

२६. उस बालक को दूध दो।

२७. ईश्वर को नमस्कार है।

२८. अग्नि के लिए स्वहा।

२९. वह मुनि मोक्ष के लिए ईश्वर को भजता है।

३०. पुस्तकों में गीता श्रेष्ठ है।

३१. योगी सोचता है।

३२. वह पक्षियों को गिनता है।

३३. अन्न संसार को तृप्त करता है।

३४. ब्राह्मण ने पत्थर फोड़ा।

३५. तूने गाना गाया, जल पिया, गुरु को प्रणाम किया और दुष्ट को बाँधा।

३६. घोड़ा पैर से लंगड़ा है।

३७. ऐसे कुत्ते से क्या लाभ जो रक्षा ना करें।

३८. वह अग्नि में हवन करता है।

३९. स्त्री को आभूषण अच्छा लगता है।

४०. वह गुरु पर श्रद्धा करता है।

४.४ पत्र–लेखन

४.४.१ पत्र.लेखन के सामान्य नियम

पत्र.लेखन एक साहित्यिक विधा है। पत्र किसको एवं किस प्रयोजन पर लिखा जा रहा हैए इस र ही लेखन की शैली एवं शब्दों का चयन निर्भर करता है। पत्र की भाषा सरल एवं स्पष्ट होनी चाहिए। अनावश्यक विशेषणों के प्रयोग से सदैव नचना चाहिए। पत्र पाण्डित्य प्रदर्शन करने का स्थान नहीं होता है। औपचारिक एवं सरकारी पत्रों में आवश्यक बातों का उल्लेख करना चाहिए। अनावश्यक पत्र को लम्बा करना अच्छा नहीं माना जाता है। पत्र लेखन में सम्बोधन धन्यवादए आदि का विशेष महत्त्व होता है। संस्कृत भाषा में लिख जाने वाले पत्रों की भाषा अत्यन्त शिष्ट एवं सरल होनी चाहिए।

४.४.२ अभ्यास

१. मित्र की कुशलता जानने के लिए पत्र लिखिए।

२.	पिता को परीक्षा.फल से अवगत कराने के लिए पत्र लिखिए।

३.	अपने शिक्षार्थी को उसकी सफलता पर बधाई.पत्र लिखिए।

४.	छोटे भाई को अपने घर आमंत्रित करने हेतु पत्र लिखिए।

५.	प्रकाशक से एक पुस्तक मँगवाने के लिए पत्र लिखिए।

६.	अवकाश के लिए प्रार्थना.पत्र लिखिए।

७.	मित्र से एक दिन के लिए एक पुस्तक माँगने के लिए पत्र.लिखिए।

८.	पिता से घुमने जाने की अनुमति माँगने हेतु एक पत्र लिखिए।